जयाणं जम्बूद्दीवे २ दाहिणद्धे गिम्हाणं पढम समए पडिवज्जति तयाणं उत्तरद्धेवि गिम्हाणं पढमे समए पडिवज्जति ता जयाणं उत्तर दाहिणड्ढ गिम्हाणं पढमे समए पडिवज्जति तयाणं जम्बूद्दीवे २ पुरत्थिमेणं पच्चत्थिमेणं अणंतर पुराकडे काल समयंसि गिम्हाणं पढमे समए पडिवज्जति एतस्स दस आलावगा जाव ऊऊ भाणिव्वा॥७॥ ता जयाणं जम्बूद्दीवेद्दीव दाहिणड्ढ पढमे समए अयमाणे पडिवज्जति,तयाणं उत्तरद्धेवि पढमे समए अयमाणे पडिवज्जति,जयाणं उत्तरद्ध पढमेसमए अयमाणे पडिवज्जति तयाणं जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं पच्चत्थिमेण अणंतरपुराकडे कालसमयंसि पढमे अयमाणे

के दक्षिणार्ध में ग्रीष्म ऋतु का प्रथम समय होता है तब उत्तरार्ध में भी प्रथम समय होता है. जब जम्बूद्वीप के उत्तर दक्षिण में ग्रीष्म ऋतु का प्रथम समय होता है तब जम्बूद्वीप के पूर्व पश्चिम मे अनंतर पुराकृत काल में ग्रीष्म ऋतु का प्रथम समय होता है यों इस के भी ऋतु पर्यंत दश आलापक कहना ॥ ७ ॥ जब जम्बूद्वीप के दक्षिण में प्रथम अयन होती है तब उत्तर में भी अयन होती है और जब उत्तर दक्षिण में प्रथम अयन होती है तब जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से पूर्व पश्चिम में अनंतर पुराकृत काल में अर्थात् दूसरे समय में अयन का प्रथम समय होता है. जब जम्बूद्वीप के मेरु से पूर्व में

पडिवज्जति, ता जयाणं जंबूद्दीवे मंदरस्स पुरत्थिमेणं पढमे समए अयमाणे पडिवज्जति, तयाणं पच्चत्थिमेणवि पढमे समए अयमाणे पडिवज्जति ता जयाणं पच्चत्थिमेणं पढमेसमए अयमाणे पडिवज्जति, तयाणं जंबू मंदरस्स उत्तरदाहिणेणं अणंतर पच्छाकड कालसमयंसि पढमे समए अयमाणे पडिपुन्ने भवति॥ एवं संवच्छरं, जुगं, वाससए, वाससहस्से, वाससतसहस्से, पुव्वंगपुव्वे, तुडियंगे, तुडिए, अडडंगे, अडडे, अववंगे, अववे, हुहूयंगे, हुहूए, उप्पलंगे, उप्पले पउमंगे पउमे, णलिणंगे णलिणे अत्थिणिपूरंगे अत्थिणिपूरे अउयंगे, अउए, नउयंगे, णउए, चूलियंगे चूलिए, सीसपहेलियंगे सीसपहेलिया, पलिओवमे, सागरोवमे, ॥

अयन का प्रथम समय होता है तब पश्चिम में भी अयन का प्रथम समय होता है. जब जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से पूर्व पश्चिम में अयन का प्रथम समय होता है तब जम्बूद्वीप के उत्तर दक्षिण में अनंतर पश्चात् कृत [एक समय पहिले ही] अयन का प्रथम समय परिपूर्ण होता है. ऐसे ही संवत्सर, युग, वर्ष वर्षशत, वर्ष सहस्र, वर्षशतसहस्र (लाख वर्ष) पूर्वांग, पूर्व, त्रुटितांग, त्रुटित, अडडांग, अडड, अववांग, अवव, हुहुकांग, हुहुक, उत्पलांग, उत्पल, पद्मांग, पद्म, नलिनांग, नलिन, अस्तिनीपुरांग, अस्तिनीपुर, अउयांग, अउय, नययांग, नयय, चूलितांग, चूलिया, शीर्षप्रहेलितांग, शीर्षप्रहेलित, पल्योपम साग रोपम का

मूल

ता जयाणं जंबुद्दीवे दीवे दाहिणद्धे पढमे समए उसप्पिणि जाव पडिवज्जति, तयाणं उत्तरद्धेवि पढमे समए उसप्पिणी पडिवज्जति, तयाणं जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स पुरत्थिमेणं पच्चत्थिमेणं ओसप्पिणी णेवत्थि, तत्थ कालेपण्णत्ते समणाउसो ! ॥ ८ ॥ एवं लवणसमुद्दे धायतिसंडे कालोए ता अब्भंतर

अर्थ

कहना. जब इस जम्बूद्वीप के दक्षिणार्ध में प्रथम उत्सर्पिणी होती है तब उत्तरार्ध में प्रथम उत्सर्पिणी होती है, जब उत्तरार्ध दक्षिणार्ध में प्रथम उत्सर्पिणी होती है तब जम्बूद्वीप के मेरुपर्वत के पूर्वपश्चिम में अवसर्पिणी व उत्सर्पिणी नहीं होती है वहां सब समान काल है अहो आयुष्मन्॥८॥ऐसेही लवणसमुद्र का जानना. जैसे जंबूद्वीप में दो सूर्य के उदय अस्त का, दिशा विदिशा का वर्णन कहा तैसा लवण समुद्र का भी कहना. परंतु इतना विशेष लवण समुद्र में चार चंद्र चार सूर्य हैं. जिन में से दो सूर्य जम्बूद्वीप के दक्षिणार्ध के सूर्य की श्रेणी में हैं और दो सूर्य जंबूद्वीप की उत्तरार्ध के सूर्य की श्रेणी में हैं. जब जंबूद्वीप में एक सूर्य दक्षिण पूर्व के मध्य उदय पावे तब उस की समश्रेणिसे प्रतिबद्ध दो सूर्य लवण समुद्र में दक्षिण पूर्व में उदय पावे यों जंबूद्वीप गत सूर्य उस से सम प्रतिबद्ध दो सूर्य और भी लवण समुद्र के पश्चिम उत्तर में उदय पावे यों उदय की विधि जंबूद्वीप के सूर्य जैसा जानना. इस ही प्रकार लवण समुद्र के दक्षिणार्ध में दिन होता है तब लवणसमुद्र के उत्तरार्ध में भी दिन होता है और जब उत्तरार्धमें दिन होता तब दक्षिणार्ध में भी दिन होवे ऐसेही जब लवणसमुद्र के उत्तरदक्षिण में दिन होता तब लवण समुद्र के पूर्वपश्चिम विभाग में रात्रि होती है. और जब लवण समुद्र के पूर्व पश्चिम विभाग में दिन होता है तब उत्तर दक्षिण विभाग में रात्रि होती है. जितना दिन का प्रमाण जम्बूद्वीप में कहा उतना ही लवण समुद्र में जानना. यावत्

पुक्खरद्धेणवि सूरिया उत्तरपाईण मुवगच्छंति, पाईण दाहिणं आगच्छंति ॥ एवं जंबूद्दीवं वत्तव्वया भाणियव्वा जाव उसप्पिणिवि ॥ इति चंदपन्नत्तीए अट्ठमं पाहुड सम्मत्तं ॥ ८ ॥ * * * *

ह सर्पिणी काल लवण समुद्र में नहीं है यों सब कहना. जैसे लवण समुद्र की वक्तव्यता कही वैसे ही धात की खंड की वक्तव्यता जानना. परंतु यहां क्षेत्र की विशालता होने से बारह चंद्र व बारह सूर्य हैं. जिनमें छ सूर्य दक्षिण में व छ उत्तर में प्रकाश करते हैं. उक्त बारो ही सूर्य जम्बूद्वीप व लवण समुद्र गत सूर्यों की श्रेणी से बंधाये हुवे हैं. इन की उदय अस्त की विधिरूप जंबुद्वीप जैसी जानना. जब धातकी खंड के दक्षिणार्ध में दिन होता है तब उत्तरार्ध में भी दिन होता है. जब धात की खंड के उत्तर दक्षिण विभाग में दिन होता है तब मेरु से पूर्व पश्चिम विभाग में रात्रि होती ऐसे ही उत्सर्पिणी अवसर्पिणी का आलापक कहना. कालोदधि समुद्र की वक्तव्यता लवण समुद्र जैसी कहना. परंतु यहां क्षेत्र की विशालता से ४२ चंद्रमा ४२ सूर्य कहे हैं. जिन में २१ दक्षिण में और २१ उत्तर विभाग में हैं. दिन रात्रि का क्षेत्र सब वैसे ही जानना. अब अभ्यंतर पुष्करार्ध द्वीप के सूर्य चंद्र की वक्तव्यता जम्बूद्वीप जैसी ही कहना परंतु यहांपर ७२ चंद्रमा व ७२ सूर्य, दिन, रात्रि, अवसर्पिणी उत्सर्पिनी आदि सब वक्तव्यता जम्बूद्वीप जैसी कहना. यों अढाइद्वीप में १३२ चंद्र १३२ सूर्य निरंतर परिभ्रमण करते हैं. इति चंद्र प्रज्ञप्ति का आठवा पाहुडा संपूर्ण हुवा. ॥ ८ ॥ ८ ० ०

॥ नवम प्राभृतम् ॥

ताकति कट्टं ते सूरिए पोरिसी च्छायं णिव्वत्तेति आहितेति वदेज्जा? तत्थ खलु इमातो तिण्णि पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ तंजहा-तत्थ एगे एव माहंसु ता जेणं पोग्गला सूरियस्सलेसं फुसंति तेणं पोग्गला संतप्पंति तेणं पोग्गला संतप्पमाणा, तयाणंतराइं बाहिराति पोग्गला संतावेंतीति, एसणं से समिते तावखेत्ते एगे एवं माहंसु ॥ १ ॥ एगे पुण एव माहंसु ता जेणं पोग्गला सूरियस्सलेसं फुसंति तेणं पोग्गला नो संतप्पंति, तेणं पोग्गला असंतप्पमाणे तताणंतराइं बाहिराति पोग्गलाति नो संतावेंति, एसणं से समिते तावखेत्ते एगएव माहंसु ॥ २ ॥ एगेपुण एवं माहंसु जेण

अब नववे पाहुडे में पुरुष छाया (पौरुष) का प्रमाण कहते हैं. अहो भगवन् ! आप के मत में कितने प्रमाण से पुरुष छाया होती है ? अहो शिष्य ? इस में अन्यतीर्थी की प्ररूपणारूप तीन पडिवत्तियों कहा है. जिन में एक ऐसा कहते हैं जितने पुद्गल सूर्य की लेश्या को स्पर्शते है वे पुद्गल सूर्य की लेश्या से तपते हैं. सूर्य की लेश्या से तपते हुए वे पुद्गलों बाहिर के पुद्गल तपाते हैं. यह साथित मर्यादापने में उत्पन्न हुवा तापक्षेत्र है २ कितनेक ऐसा कहते हैं कि जो पुद्गल सूर्य की लेश्या को स्पर्शते हैं वे पुद्गल नहीं तपते हैं-ऊष्ण नहीं होते हैं परंतु पीठफलगगत पुद्गल को सूर्य स्वयमेव रूप से सूर्य ताप लेश्या करे नहीं अब वे पुद्गल तदनंतर बाहिर के पुद्गल तपावे नहीं. यह सथित मर्यादापने हुवा ताप क्षेत्र जानना. कितनेक ऐसा

पोग्गला -रियस्स लेसं फुसंति तेणं पोग्गला अत्थेगतिया संतप्पंति, अत्थेगतिया नो संतप्पंति, अत्थगतिया संतप्पमाणा तयाणंतराति बाहिराति पोग्गलाति संतावेंति अत्थेगतिया असंतप्पमाणा तयाणतराइ बाहिराइ पोग्गलाइं ना संताविंतिति॥ एसणं स समिए तावखेत्त एगे एव माहंसु॥ २॥ वयं पुण एव वयामो-ता जाती इमातो चदिमसूरियाणं देवाण विमाणे हिंतो लेसातो बहिया अभिणिसडाओ पयावेति. एतासिणं लेसाणं अंतरेसु अणंतरातो छिन्नलेसातो समुच्छति, तएणं तती छिन्न लेसातो समुच्छिन्नातो. समाणितो तेणं तेराति बाहिराति पोग्गलाति संतावेंति, एसणं सं समिए ताव खेत्ते ॥ १ ॥ ता कति

कहते हैं कि जो पुद्गल सूर्य की लेश्या को स्पर्शते हैं इन में से कितनेक पुद्गल तपते हैं और कितनेक नहीं तपते हैं. कितनेक तपते हुवे पुद्गल तदनंतर बाहिर के पुद्गल तपाते हैं और कितनेक नहीं तपते हुवे तदनंतर बाहिर के पुद्गल नहीं तपाते हैं. यह समित मर्यादापने ताप क्षेत्र हुवा. इस कथन को मैं इस प्रकार कहता हुं कि यह जो चंद्रसूर्य के विमान हैं उन में से लेश्या बाहिर नीकलती है और सन्मुख दिशा में प्रकाश करती है. इन विमान से नीकली हुइ लेश्या आंतराओ में अन्य मूल लेश्यां पर तपे. अब मूल लेश्या में से तदनंतर बाहिर के पुद्गल तपावे. यह समित क्षेत्र मर्यादा पने ताप क्षेत्र उत्पन्न हुवा. यह ताप क्षेत्र का

कहं ते, सूरिए पोरसीच्छायं निव्वत्तेइ आहितेति वदेज्जा तत्थ खलु इमातो पण्णविसं पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ तंजहा-तत्थएगे एव माहंसु ता अणुसमयमेव सूरिए पोरिसीछायं निव्वत्तेइ आहितेति वदेज्जा॥ एवं एएणं अभिलावेणं जातो चेव ओय संठिए पण्णविसं पडिवत्तीओ, तातो चेव णेयव्वातो जाव तासु अणुउसप्पिणि उसप्पिणिमेव सूरिए पोरसीच्छायं निव्वतेति आहितेति वदेज्जा, एगे एवं माहंसु ॥ वयं पुण एवं वयामो

कथन हुवा ॥ १ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! आप के मत में सूर्य कितने प्रमाण में पुरुषछाया बनाता है ! अहो शिष्य ! इस में अन्यतीर्थी की प्ररूपणारूप पच्चीस पडिवृत्तियों कही हैं तद्यथा—१ कितनेक ऐसा कहते हैं कि प्रतिसमय मे सूर्य से नीकलती हुई लेश्या पुरुष-छाया बनावे. यहां लेश्या से पोरसी छाया होवे इस में कारणकार्य उपचार है. पोरसीछाया को लेश्या बतलाइ क्योंकी क्षण २ में सूर्य अन्य लेश्या बनावे यों इस अभिलाप मे यावत् जैसे छठे पाहुडे में प्रकाश के संस्थान की पच्चीस पडिवृत्तियों कही वैसे ही यहां पर भी कहना. यावत् प्रत्येक उत्सर्पिणी अवसर्पिणी में सूर्य पौरसी छाया बनाता है इस कथन को मैं इस प्रकार कहता हुं कि जब सूर्य लेश्या छोडता हुआ ऊंचा चढता है तब छाया हीन है अर्थात् लोक व्यवहार में जब सूर्य उदय होवे तब छाया बडी होवे परंतु पीछे ज्यों ज्यों सूर्य चढता जाता है त्यों त्यों छाया हीन होती जाती है; यों मध्यान्ह पर्यंत होती है. और ज्यों२ छाया बढती है

ता सूरियस्सणं उच्चंत्तं लेसंच पडुच्च छाया उद्देस उच्चत्तं छाय पडुच्चलेसुद्देसलेसं पडुच्च
ता सूरियस्सणं उच्चंत्तं लेसंच पडुच्च छाया उद्देस उच्चत्तं छाय पडुच्चलेसुद्दे तंजहा
पडुच्च उचत्त उद्देसो ॥ २ ॥ तत्थ खलु इमातो दो पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ तंजहा
एगे एव माहंसु ता अत्थिणं से दिवसे जंसिंचणं दिवसंसि सूरिए चउपोरासिच्छायं
निव्वत्तेति अहवा दुपुरिसीच्छाया निव्वत्तेति आहितेति वदेज्जा, एगेएव माहंसु ॥ १ ॥
एगेपुण एव माहंसु-ता अत्थिणं से दिवसे जंसिं च णं दिवसंसि सूरिए दुपोरिसि छायं निव्व-

त्यों २ लेश्या हीन होती है अर्थात् मध्यान्ह पीछे सूर्य अस्त होता जावे त्यों छाया बढती जावे यह दूसरा उद्देशा लेश्या व छाया दोनों आश्री अर्थात् मध्यान्ह समयमें सूर्य अपने मस्तकपर रहताहै इससे छायां आगे पीछे नहीं होती है यह तीसरा उद्देशा. यह लेश्या का स्वरूप कहा॥२॥अब पुरुष छायां प्रमाण में अन्यतीर्थि कहते हैं. इसमें अन्यतीर्थिकी दो पडिवृत्तियो कही हैं. १कितनेक ऐसा कहते हैं कि दिनमें जब सूर्यका उदय होता है तब उदित होता सूर्य चार पुरुष की छाया बनावे. अथवा उदित होता सूर्य दो पुरुष छाया बनावे और २ कितनेक ऐसा कहते हैं दिन में उदित होता सूर्य दो पुरुष छाया बनावे अथवा किंचिन्मात्र छाया बनावे न०१. उन में जो अन्यतीर्थि ऐसा कहते हैं कि ऐसा दिन हैं कि जिस में उदित होता सूर्य चार पुरुष छाया बनावे अथवा ऐसा भी दिन है कि जिस में उदित होता सूर्य दो पुरुष छाया बनावे

सूत्र

कहूं ते, सूरिए पोरसीच्छायं निव्वत्तेइ आहितेति वदेज्जा तत्थ खलु इमातो पणवीसं पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ तंजहा-तत्थएगे एव माहंसु ता अणुसमयमेव सूरिए पोरिसीछायं निवत्तेइ आहितेति वदेज्ज॥ एवं एएणं अभिलावेणं जातो चेव ओय संठिए पणविसं पडिवत्तीओ, तातो चेव णेयव्वातो जाव तासु अणुउसप्पिणि उसप्पिणिमेव सूरिए पोरसीच्छाय निव्वतेति आहितेति वदेज्जा, एगे एवं माहंसु ॥ वयं पुण एवं वयामो

अर्थ

कथन हुवा ॥ १ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! आप के मत में सूर्य कितने प्रमाण में पुरुषछाया बनाता है ! अहो शिष्य ! इस में अन्यतीर्थी की प्ररूपणारूप पच्चीस पडिवृत्तियों कही हैं तद्यथा—१ कितनेक ऐसा कहते हैं कि प्रतिसमय मे सूर्य मे नीकलती हुई लेश्या पुरुष-छाया बनावे. यहां लेश्या से पोरसी छाया होवे इस में कारणकार्य उपचार है. पोरसीछाया को लेश्या बतलाइ क्योंकी क्षण २ में सूर्य अन्य लेश्या बनावे यों इस अभिलाप मे यावत् जैसे छठे पाहुडे में प्रकाश के संस्थाने की पच्चीस पडिवृत्तियों कही वैसे ही यहां पर भी कहना. यावत् प्रत्येक उत्सर्पिणी अवसर्पिणी में सूर्य पोरसी छाया बनाता है इस कथन को मैं इस प्रकार कहता हुं कि जब सूर्य लेश्या छोडता हुवा ऊंचा चढता है तब छाया हीन है अर्थात् लोक व्यवहार में जब सुर्य उदय होवे तब छाया बडी होवे परंतु पीछे ज्यों ज्यों सूर्य चढता जाता है त्यों त्यों छाया हीन होती जाती है: यों मध्यान्ह पर्यंत होती है. और ज्यों२ छाया बढती है

सूरिए सव्वबाहिरं मंडलंउवसंकमित्ता चारं चरंति तयाणं उत्तम कट्ठपत्ते अट्ठारस मुहुत्ताराई भवति जहण्णियां दुवालस मुहुत्ते दिवसे, तंसिचणं दिवसंसि सूरिए दुपोरसी छायं निव्वत्तेति तं० उग्गमण मुहुत्तंसि अत्थमणमुहुत्तंसि तं लेसं अभिवड्ढेमाणेवा निवुड्ढेमाणेवा आहितेति वदेज्जा. एगे एव माहंसु ॥ १ ॥ एगे पुण एव माहंसु ता जयाणं सूरिए सव्वब्भतर मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरति तेसिं चणं दिवसंसि सूरिए दुपोरसी छायानिव्वतेति तंजहा उग्गमण मुहुत्तेसि अत्थमण मुहुत्तंसि तलेसं अभिवड्ढेमाणेवा निवुड्ढेमाणेवा, ता जयाणं सूरिए सव्वबाहिरं मंडलं उवसंकमिता चारं चरंति तेसिंचणं दिवसंसि सूरिए नोकिंचिवि पोरासिच्छायं निव्वत्तेति, तंजहा-उग्गमण मुहुत्तंसि अत्थमण मुहुत्तंसि तलेसं नोचेवणं अभिवड्ढेमाणेवा निवुड्ढेमाणेवा आहितेति,

सूर्य सब से आभ्यंतर मंडलपर चाल चलता है तब उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त का दिन व जघन्य बारह मुहूर्त की रात्रि होती है. उस दिन सूर्य दो पुरुष छाया बनाता है तद्यथा-उद्गमन मुहूर्त में व अस्त मुहूर्त में, उद्गमन मुहूर्त में सूर्य की लेश्या में वृद्धि होती है और अस्त मुहूर्त में सूर्य की लेश्या की हानि होती है. जब सूर्य सब से बाहिर के मंडलपर चाल चलता है तब किंचित छाया भी नहीं बनाता है—उद्गमन

तोति आहितेति वदेज्जा एगेएवमाहंसु ॥ तत्थ जेते एवं माहंसु अत्थिणं से दिवसे जंसिचणं दिवसं सूरिए चउपोरसी छायं निवत्तेति अहवा अत्थिणं से दिवसे जंसिचणं दिवसंसि सूरिए दुपोरसिच्छायं निव्वत्तेति, तेणं एव माहंसु, ता जयाणं सूरिए सव्वब्भंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरति तयाणं उत्तम उक्कोसे अट्ठारस मुहुत्ते दिवसे जहण्णए दुवालस मुहुत्ताराई भवति, जंसिचणं दिवसंसि सूरिए चउपोरसि छायं निव्वत्तेति तंजहा उग्गमण मुहुत्तंसिच, अत्थमण मुहुत्तंसिच लेसं अभिवड्ढेमाणे वा, निवुड्ढेमाणेवा॥ ता जयाणं

उन का कथन इस तरह है कि जब सूर्य सब से आभ्यन्तर मांडल पर होता है तब उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त का दिन व जघन्य बारह मुहूर्त की रात्रि होती है. उस दिन उदित होता सूर्य चार पुरुष छाया बनावे. उदित मुहूर्त में व्रद्धे लेश्या से पुरुष छाया बनावे उदित होता हुवा सूर्य लेश्या की वृद्धि करे और अस्त होता सूर्य लेश्या की हानि करे. अब जब सूर्य सब से आभ्यंतर मंडलपर रहता है तब उत्कृष्ट अठारह मुहूर्त की रात्रि व जघन्य बारह मुहूर्त का दिन होता है. उस दिन सूर्य दो पुरुष छाया बनावे उद्गमन मुहूर्त व अस्तमुहूर्त में दो पुरुष छाया बनावे. उदित होता सूर्य लेश्या की वृद्धि करे और अस्त होता सूर्य लेश्याकी हानि करे. यह प्रथम अन्यतीर्थीका कथन हुवा. जो अन्यतीर्थिक ऐसा कहते हैं कि उदित होता सूर्य किसी दिन में दो पोरसी छाया बनाता है उन का कथन इस हेतु से है कि, जब

तरसणं सव्वहिट्ठिमातो सूरिएपडिहाओ वहिया अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं तवणिज्जमाणीहिं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जातो भूमिभागातो जाव दितंसूरिए उड्ढं उच्चत्तेणं, एवतिएगाए आए अद्धाए, एगेणं छायाणुमाणप्पमाणेण उमाए एत्थणं से सूरिए एगे पोरसिछायं निव्वत्तेति ॥ तत्थ जेते एव माहंसु अत्थिणं से दिवस जंसिचणं दिवसंसि सूरिए दुपोरसिच्छायं निव्वत्तइ तेण एव माहंसु ता सूरिए तस्सणं सव्व हेट्ठिमाओ सूरिए पडिहतो वहिया अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं वाहिं तवणिज्ज-माणेहिं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जातो भूमिभागातो जाव

अर्थात् जो पदार्थ जितना लम्बा होवे उस से छायागुनी छाया होवे. इन में जो अन्यतीर्थी ऐसा कहते हैं कि दिन में एक पुरुष छाया सूर्य बनावे उस का कथन इस हेतु से है कि सब से नीचे रहा हुवा सूर्य अंधकार को नष्ट कर बाहिर नीकली हुइ तपनीय लेश्या सहित इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुत समरमणीय भूमिभाग से पूर्व दिशामें प्रकाश करता पूर्वमें से उपर आवे यह एक अर्थ से एक छाया का अनुमान प्रमाण होवे. इस तरह सूर्य एक पुरुष छाया बनावे. जो ऐसा कहते हैं कि सूर्य दिन में दो पुरुष छाया बनावे उन का कथन इस हेतु से है कि सब से नीचे रहा हुवा सूर्य अंधकार नष्ट कर बाहिर नीकली हुई तपती हुई लेश्या सहित इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुत समरमणीय भूमिभाग से पूर्व दिशा में प्रकाश करता हुवा पूर्व दिशा में

सूत्र

वदेज्जा एगे एवमाहंसु ॥ २ ॥-ता कति कट्ठंते सूरिए पोरसिच्छायं निव्वत्तेति, आहितेति वदेज्जा, तत्थ खलु इमातो छण्णउति पडिवत्तीओ-तत्थ एगे एवमाहंसु ता अत्थिणं से दिवसे जंसिचणं दिवसंसि सूरिए एग पोरिसिच्छायंनिव्वत्तेति आहितेति वदेज्जा, एगे एव माहंसु ॥ १ ॥ एगे पुण ता अत्थिणं से दिवसे जंसिचणं दिवसंसि सूरिए दु पोरसि च्छायं निव्वत्तेति, आहितेति वदेज्जा ॥ एवं एएणं अभिलावेणं जाव छण्णउति पोरसिच्छायं निव्वतेति॥तत्थ जेते एव माहंसु ता अत्थिणं से दिवसे जंसिचणं दिवसंसि सूरिए एग पोरसिच्छायं निव्वत्तेति तेणं एव माहंसु ता सूरिए

अर्थ

मुहुर्त में व अस्त मुहुर्त में. उस की लेश्या की भी हानि वृद्धि नहीं है, क्यों की पुरुष छाया बनावे नहीं॥२॥ गौतम स्वामी प्रश्न करते हैं. कि कितने काष्ट प्रमाण सूर्य पुरुष की छाया बनाता है? उत्तर— इस में अन्यतीर्थिकी प्ररूपणा रूप छन्नु पाडवा कहीं हैं तद्यथा कितनेक ऐसा कहते हैं कि किसी दिन सूर्य एक पुरुष छाया बनावे अर्थात् जो पदार्थ जितना लम्बा होवे उतनी छाया बनावे. २ दुसरा अन्यतीर्थि ऐसा कहते हैं कि दिन में सुर्य दो पुरुष छाया बनावे अर्थात् जो पदार्थ होवे उ। से दुगुनी छाया बनावे, इसी तरह से तीसरा अन्यतीर्थी तीन पुरुष छाया बनाने का कथन करे, यावत् पंचाणवा अन्यतीर्थी पंचाणवे पुरुष की छाया बनाने का कहे और छन्नुवा अन्यतीर्थी छन्नु पुरुष छाया बनाने का कहे.

तरसणं सव्वहिट्ठिमातो सूरिएपडिहाओ वहिया अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं तवणिज्जमाणीहिं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जातो भूमिभागातो जाव दितंसूरिए उड्ढं उच्चत्तेणं, एवतिएगाए आए अट्ठाए, एगेणं छायाणुमाणप्पमाणेण उमाए एत्थणं से सूरिए एगे पोरसिछायं निव्वत्तेति ॥ तत्थ जेत एव माहंसु अत्थिणं से दिवस जंसिचणं दिवसंसि सूरिए दुपोरसिच्छायं निव्वत्तइ तेण एव माहंसु ता सूरिए तस्सणं सव्व हेट्ठिमाओ सूरिए पाडिहतो वहिया अभिणिसट्ठाहिं लेसाहिं ताहिं तवणिज्ज-माणेहिं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जातो भूमिभागातो जाव

अर्थात् जो पदार्थ जितना लम्बा होवे उस से छगुनी छाया होवे. इन में जो अन्यतीर्थी ऐसा कहते हैं कि दिन में एक पुरुष छाया सुर्य बनावे उस का कथन इस हेतु से है कि सब से नीचे रहा हुवा सूर्य अंधकार को नष्ट कर बाहिर नीकली हुइ तपनीय लेश्या सहित इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुत समरमणीय भूमिभाग से पूर्व दिशामें प्रकाश करता पूर्वमें से उपर आवे यह एक अर्थ स एक छाया का अनुपात प्रमाण होवे. इस तरह सूर्य एक पुरुष छाया बनावे. जो ऐसा कहते हैं कि सूर्य दिन में दो पुरुष छाया बनावे उन का कथन इस हेतु से है कि सब से नीचे रहा हुवा सूर्य अंधकार नष्ट कर बाहिर नीकली हुई तपती हुई लेश्या सहित इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुत समरमणीय भूमिभाग से पूर्व दिशा में प्रकाश करता हुवा पूर्व दिशा में

सूत्र

तं सूरिए उद्धं उच्चत्तेणं एवति ताहिं दो अट्ठाहिं दोहिं छायाणुमाणुप्पमाणाहिं उमाए-तत्थणं से सूरिए दुपोरिसिच्छायं निव्वत्तेति ॥ एवं एक्काए पडिवत्तीए भाणियव्वं जाव छण्णउतिमा पडिवत्तिज्ज एगे एव माहंसु ॥ ४ ॥ वयं पुण एवं वयामो सातिरेगं एगुणट्ठि पोरिसिच्छायं निव्वत्तेति आहितेति वदेज्जा, ता अवड्ढ पोरसीणं छाया दिव-

अर्थ

से निकले, इस तरह व्यवसाय से दो पुरुष छाया के प्रमाण से अनुमान होवे. इस तरह सूर्य दो पुरुष छाया बनावे. यों एक पडिवृत्ति में एक २ पुरुष अधिक २ कहना अर्थात् तीसरी में तीन पुरुष छाया, चौथी में चार पुरुष छाया यावत् पंचाणु में पंचाणु पुरुषछाया और छन्नुवी पडिवृत्ति में छन्नु पुरुष छाया बनावे ॥४॥ इस कथन को मैं इस प्रकार कहता हूं कि सूर्य गुणसठ पुरुष से अधिक पुरुष छाया बनावे. प्रश्न—अर्ध पुरुष छाया आवे तब कितना दिन व्यतीत हुवा और कितना दिन शेष रहा ? उत्तर—अर्ध पुरुष छाया आवे तब दिन का तीसरा भाग व्यतीत होवे, अर्थात् प्रथम मंडल पर जब सूर्य होवे तब ३६ घडी का दिन मान होवे, इस से ३६ को तीन का भाग देने से बारह घडी का दिन मान होवे, अर्थात् बारह घडी दिन मान व्यतीत होवे, और २४ घडी दिन शेष रहे. सूर्यास्त समय में २४ घडी दिन व्यतीत होवे और बारह घडी दिन शेष रहे. एक पुरुषछाया आवे तब कितना दिन व्यतीत होवे और कितना दिन शेष रहे ? उत्तर-चौथा भाग दिनव्यतीत होवे अर्थात् एक दिन ३६ घडी का होता है जिस में से

सहस्स किंगते वा सेसेवा ता ति भागे गएवा ता सेसेवा पोरिसिणं छाया दिवसस्स किंगएवा सेसेवा जाव चउभाग गएवा सेसेवा ता दिवड्ढ पोरिसीणछाया दिवसस्स किंगते वा सेसेवा, ता पंच भागेगतेव्वा सेसेवा, एवं अवड्ढ पोरिसीणं छाया पुच्छा दिवसस्स भागं छोड्डुवा

९ घडी का दिन मान जाते और २७ घडी दिन शेष रहते पुरुष छाया आवे. देढ पुरुष छाया आवे तब कितना दिन व्यतीत होवे और कितना दिन शेष रहे ? उत्तर—देढ पुरुष छाया आवे तब पांच भाग दिन जावे अर्थात् ३६ घडी दिन मान का पांचवा भाग करते ७ घडी १२ पल होवे इतना दिन व्यतीत होवे और २८ घडी ४८ पल दिन शेष रहे. सूर्योदय समय में २८ घडी ४८ पल इतना समय व्यतीत हुवा होवे और ७ घडी १२ पल दिन शेष रहा होवे तब देढ पुरुष छाया होवे. यह प्रथम मंडल पर सूर्य होवे उस समय का जानना. इस सिवाय दूसरे मंडल से १८४ वे मंडल तक उपर्युक्त गणित करना नहीं. क्यों कि उत्तराध्ययन के २६ वे अध्ययन में कहा है कि अषाढ शुदी १५ पूर्णिमा को उत्कृष्ट दिनमान होवे तब घुंटण से छाया मापते दो पांव छाया होवे उस समय दिवस का चौथा भाग जावे घुंटण पर्यंत दो पांव की लम्बाइ होती है. इस से जो पदार्थ जितना लम्बा होता है उतनी उस की छाया होती है. यह पुरुष छाया जानना. जब पुरुष छाया आवे तब दिन का चौथा भाग व्यतीत होवे. यह प्रथम मंडल आश्री जानना. अन्य किसी मंडल पर इस तरह पोरसी नहीं आती है. ऐसे ही और भी

सूत्र

गरणं जाव ता अगुलट्ठि पोरिसीणछाया दिवसरस किं गएवा सेसेवा ता एकूण वीसमर्न भागगएवा, सेसेवा सातिरेग अगुणसट्ठि पोरिसीणं च्छाया दिवसरस किं गतेवा सेसेवा, ताणं किंगत किंचिविगतेवा सेसेवा॥ ५ ॥ तरथ खलु इमा पण्णवीसंतिविहा छाया पण्णत्ता तंजहा-खंभच्छाया ॥ १ ॥ रज्जुच्छाया ॥ २ ॥ पासायच्छाया

अर्थ

अ ं पुरुष छाया की पृच्छा ? दिनामान थोडा जावे और शेष बहुत रहे अर्थात् ३६ घडी के दिन में १२ घडी का दिन जावे और २४ घडी दिन शेष रहे वगैरह सब पन्नरहवे पाहुडे में कहा वैसे कहना. जब गुणसठ पुरुष छाया होवे तब कितना दिन जावे व कितना दिन शेष रहे ? उत्तर-दिन का ११९ वा भाग जावे अर्थात् पहिले मंडल ३६ घडी का दिन होता है ३६ घडी को ११५ का भाग देने से १८ पल और एक पल के ११९ भाग करे वैसे १८ भाग आवे. इतना भाग दिन जावे और ३५ घडी ४१ पल और एक पल के ११९ भाग में से १०१ भाग बाकी रहे तब गुणसठ पुरुष छाया का प्रमाण आवे. प्रश्न-जब सातिरेक गुणसठ पुरुष छाया होवे तब दिन का कितना भाग जावे व कितना शेष रहे ? उत्तर-सूर्य की किंचित् गति व किंचित् दिन जावे और शेष सब दिन रहे तब साधिक गुणसठ पुरुष छाया का प्रमाण होवे ॥ ५ ॥ छाया के पच्चीस भेद कहे हैं. तद्यथा—१ स्तंभ की छाया, २ रस्सी की छाया, ३ प्राकार की छाया, ४ प्रासाद की छाया, ५ शिखरबन्ध महेल की छाया ६ अनुलोम छाया, ७ प्रति-

॥ ३ ॥ पागारच्छाया ॥ ४ ॥ उच्चच्छाया ॥ ५ ॥ अणुलोमच्छाया ॥ ६ ॥ पडिलोमच्छाया ॥ ७ ॥ आराहिता ॥ ८ ॥ उवाहिया ॥ ९ ॥ समाएपाडिहता ॥ १० ॥ खील च्छाया ॥ ११ ॥ पंथच्छाया ॥ १२ ॥ पुरआदगा पिठओदगा ॥ १४ ॥ पुरम कट्टभागोवगया ॥ १४ ॥ पच्छिम कट्टभागोवगया ॥ १५ ॥ छायाणुवादिणो ॥ १६ ॥ कट्ठाणु वादिणि ॥ १७ ॥ छायादिकंपेदिहायं सगडच्छाया, ॥ तत्थ खलु इमा अट्ठविहा गोलच्छाया, पण्णत्ता, तंजहा- गोलछाया अवड्ढगोल छाया, गोल २ छाया, अवड्ढगोल२छाया, गोलावलिछाया,

1 छाया, ८ लकडी गाडे उस की छाया, ९ उठाइ हुइ की छाया, १० हाथ में पकडकर रखे उस की, छाया, ११ लोहा अथवा लकड के खील की छाया, १२ रस्ते चलते हाथ से चलाकर चले वह छाया १३ पहिला हाथ ऊंचा करे पीछे नीचा करे उस की छाया १४ काष्ठ के भाग में गज जैसे निशानीकर नार में रखते छाया होवे सो १५ पीछे नीचे देखकर चले सो छाया १६ छाया का अनुवाद प्रमाण करे सो छाया १७ काष्ठ को प्रमाण करे ड वह छाया १८ छ गादिक कम्प गाडी या एक दीर्घपनासे खडा रहे. गाडिया इस में आठ प्रकार की गोल छाया कही तद्यथा गोल छाया १९ अर्ध गोल छाया २० गोलगोल छाया चुडी जैसे २१ अर्ध गोल गोल छाया कांचकेगोले जैसे २२ मध्य समयमें सूर्य देखा जावे वैसे गोलवती

सूत्र

अवड्ढगोलावलिच्छाया गोलपुंजच्छाया, अवड्ढगोल पुंजच्छाया ॥ इति चंदपण्णत्तीए नवमं पाहुडं सम्मत्तं ॥ ९ ॥

* * * * *

अर्थ

छाया २१ पूर्णिमा का चंद्र मध्य रात्रि में देखावे वह अर्ध गोलावर्ती छाया, २४ खजुर की छाया सो गोलपुंज छाया और २८ अर्ध गोलपुंज छाया ॥ यह चंद्र प्रज्ञप्ति का नववा पाहुडा संपूर्ण हुवा ॥ ९ ॥

॥ दशम प्राभृतम् ॥

ता जोगेति वत्थुस्स आवलिय निवाए आहितेति वदेज्जा ? ता कहंते जोगवत्थुस्स आवलियानिवाए आहितेति वदेज्जा ? तत्थ खलु इमातो पंच पडिवत्तीओ पण्णत्ताओ, तत्थ एगे एवमाहंसू जोगं जोतेति ता सव्वेविणं नक्खत्ता कत्तियादिया भरणिपज्जवसिया आहितेति वेदज्जा, एगे एवमाहंसु ॥ १ ॥ एगे पुण एवमाहंसु-ता सव्वेविणं णक्खत्ता महादिया आमलेस पज्जवसिया आहितेति वदेज्जा, एगे एवमाहंसु ॥ २ ॥ एगेपुण एवमाहंसु ता सव्वेविणं नक्खत्ता धणिट्ठा दिया सवण पज्जवसिया आहितेति वदेज्जा, एगे एवमाहंसु ॥ ३ ॥ एगेपुण एव माहंसु-ता सव्वेविणं णक्खत्ता असिणिआदिया रेवति पज्जवसिया आहितेति वदेज्जा एगे एवमाहंसु ॥ ४ ॥ एगेपुण-ता सव्वेविणं णक्खत्ता

अब दशवा पाहुडा कहते हैं. अहो भगवन् ! आप के मत में चंद्रमा सूर्य की साथ नक्षत्रों अनुक्रम से कैसे जोग जोडते हैं! अहो भगवन्! नक्षत्र चंद्रमा व सूर्य की साथ कैसे चलते हैं? अहो शिष्य ! इस में अन्यतीर्थी की प्ररूपणा रूप पांच पडिवत्तियों कही है. जिन में से एक ऐसा कहते कि कृत्तिका से भरणी पर्यंत सब नक्षत्र चंद्रमा सूर्य की साथ जोग करते हैं, २ दूसरे कितनेक ऐसा कहते हैं. कि मघादि से अश्लेषा पर्यंत सब नक्षत्र चंद्रमा सूर्य की साथ योग करते हैं, ३ कितनेक ऐसा कहते हैं कि धनिष्टादि से श्रवण पर्यंत सब नक्षत्र चंद्रमा सूर्य की साथ जोग करते हैं, ४ कितनेक ऐसा कहते हैं कि अश्विनी से रेवती पर्यंत सब नक्षत्र

सूत्र

भरणादिया असिणिपज्जवसिया आहितेति वदेज्जा, एगे एवमाहंसु ॥ ५ ॥ वयं पुण एवं वयामो ता सव्वेविणं णक्खत्ता अभियादिया उत्तरासाढापज्जवसिया आहितेति वदेज्जा, तजहा-अभिचे, सवणे, धणिट्ठा, सत्तीभसया, पुव्वभद्दवया, उत्तरभद्दवया, रेवति, असिणि, भरणि, कत्तिया, रोहिणी, मिगसिर, अद्दा, पुनव्वसु, पुस्सो, असलेस्सा, महा, पुव्वाफगुणी, उत्तराफगुणी, हत्थो, चित्ता,साति, विसाहा, अणुराहा, जेट्ठा, मुलो, पुव्वासाढा उत्तरासाढा ॥ दसमस्स पढमं पाहुड सम्मत्तं॥ १० ॥ १ ॥

अर्थ

चंद्रमा सूर्य के साथ जोग करते हैं ५ कितने ऐसा कहते हैं भरणि आदि से अश्विनी पर्यंत सब नक्षत्र चंद्रमा सूर्य की साथ योग करते हैं. और मैं इस कथनको ऐसे कहता हूं कि अभिचादि से उत्तराषाढ पर्यंत सब नक्षत्र चंद्रमा सूर्य की साथ योग करते हैं. जिन के नाम-१ अभिच २ श्रवण ३ धनिष्ठा ४ शतभिषा ५ पूर्वाभाद्रपद ६ उत्तरा भाद्रपद ७ रेवती ८ अश्वनी ९ भरणी १० कृत्तिका ११ रोहिणी १२ मृगसर १३ आर्द्रा १४ पुनर्वसु १५ पुष्य १६ अश्लेषा १७ मघा १८ पूर्वाफाल्गुनी १९ उत्तरा फाल्गुनी २० हस्त २१ चित्रा २२ स्वाति २३ विशाखा २४ अनुराधा २५ ज्येष्ठा २६ मूल २७ पूर्वाषाढा और २८ उत्तराषाढा. उक्त अठावीस नक्षत्र चंद्र सूर्य की साथ योग करते हैं. वैसे ही युग की आदि से पुष्य नक्षत्र से पुष्य नक्षत्र पर्यंत योग करे. यह दशवा पाहुडा का प्रथम अंतर पाहुडा संपूर्ण हुवा. ॥ १० ॥ १ ॥

ता कहंते मुहुत्तगे आहितेति वदेजा ? ता एएसिणं अट्ठाविसए णक्खत्ताण, अत्थि णक्खत्ता, जेणेव णक्खत्ता णवमहुत्ते सत्तावीसंच सत्तट्ठिभागे मुहुत्तस्स चंदेणं सद्धिं जोगं जोयंति.अत्थि णक्खत्ता जेण पण्णरस मुहुत्ता चंदेण सद्धिं जोगं जोयंति अत्थि णक्खत्ता जेणं नक्खत्ता तिसं मुहुत्ते चंदेणं सद्धिं जोगं जोतति अत्थिणं णक्खत्ता जेणं णक्खत्ता पणयालिसं मुहुत्ते चंदेण सद्धिं जोगं जोयति ॥ १ ॥ एएसिणं अट्ठाविसए णक्खत्ताणं कयरे णक्खत्ते जेण नक्खत्त नवमुहुत्ते सत्ताविसंच सत्तसट्ठिभागे मुहुत्तस्स चंदेणं सद्धिं जोगं जोएति, सेणं एगे अभिए ॥ तत्थणं केते णक्खत्ता जेणं नक्खत्ता

अब दूसरा अंतर पाहुडा कहते है. अहो भगवन् ! आप के मत में चंद्र की साथ नक्षत्र की मुहूर्त गति कैसे कही है ? अहो शिष्य ! उक्त अठाइस नक्षत्रों में कितनेक नक्षत्र ऐसे हैं जो चंद्रमा की साथ नव मुहूर्त और एक मुहूर्त के सडसठ भाग में के सत्तावीस भागसे जोग करते हैं और कितनेक नक्षत्र एसे हैं कि जो चंद्रमा की साथ पन्नरह मुहूर्त योग करते हैं. कितनेक ऐसे भी नक्षत्र हैं कि जो चंद्रमा की साथ तीस मुहूर्त जोग करते हैं और कितनेक नक्षत्र ऐसे भी हैं कि जो चंद्रमा की साथ पेतालीस मुहूर्त जोग करते हैं ॥ १ ॥ अब इन का खुलासा करते हैं. अहो भगवन् ! इन अठावीस नक्षत्र में से ऐसे कौन से नक्षत्र हैं कि जो चंद्रमा की साथ नव मुहूर्त व सडसठिये सत्तावीस भागसे योग करते हैं ? उत्तर

सूत्र

पण्णरस मुहुत्ते चंदेणं सद्धिं जोगं जोएति; तेणं छ नक्खत्ता तंजहा-सतभिसया, भरणि, अद्दा, असलेसा, साति, जेट्ठा, ॥ तत्थणं केते नक्खत्ता, जेणं नक्खत्ता तित्तं मुहुत्त चंदेणं सद्धिं जोगं जोएति. तेणं पण्णरस तंजहा सवणं, धणिट्ठा, पुव्वभद्दवया, रेवति, अस्सिणी, कत्तिया मिगसिर, पुस्सो, महा, पुव्वाफग्गुणि, हत्थो, चित्ता, अणुराहा, मूलो, पुव्वासाढा, ॥ तत्थ केते णक्खत्ता जेणं णक्खत्ता पणयालीस मुहुत्ते चंदेणं सद्धिं जोगं जोएति एतेणं छ तंजहा -उत्तर भद्दवया, रोहिणी, पुणव्वसु, उत्तराफग्गुणी, विसाहा, उत्तरासाढा ॥२॥ ता एतासिणं अट्ठावीसाए णक्खत्ताणं अत्थि

अर्थ

अहो शिष्य ! एक अभिच नक्षत्र नव मुहूर्त व एक मुहूर्त के सडसाठिये सत्ताईस भाग से योग करता है. क्यों की अभिच नक्षत्र एक अहोरात्रि के सडसाठिये इक्कीस भाग से चंद्रमा की साथ योग करता है. इस मे २१ भाग को ३० गुना (एक अहो रात्रि के तीस मुहूर्त होने से) करने से ६३० भाग होवे. पीछे उस ६७ का भाग देने से नव मुहूर्त व सडसाठियें २७ भाग होवे. अहो भगवन् ! ऐसे कौन से नक्षत्र हैं कि जो चंद्रमा की साथ पन्नरह मुहूर्त योग करते हैं ! अहो शिष्य ! ऐसे छ नक्षत्र हैं. जिनके नाम-१ शतभिषा-२ भरणी ३ आर्द्रा ४ अश्लेषा ५ स्वाति और ६ जेष्ठा. क्योंकि एक अहो रात्रि में सडसाठये ३३॥ भाग से चंद्रमा की साथ योग करते हैं इस से ३३॥ ×३०=१००५ इस राशि को

णक्खत्ते जेणं णक्खत्ते चत्तारि अहोरत्ते छच्चमुहुत्ते सूरिएणं जोगं जोएति अत्थि नक्खत्ते जेणं छ अहोरत्ते एकवीसंचमुहुत्ते सूरिएणं

६७ का भागदेवे तब १५मुहूर्त होवे. अहो भगवन्! ऐसे कितने नक्षत्र हैं कि जो चंद्रमा की साथ तीस मुहूर्त से योग करते हैं! अहो शिष्य ! ऐसे पनरह नक्षत्र हैं जिन के नाम १-श्रवण, २ धनिष्ठा, ३ पूर्व भाद्रपद, ४ रेवती, ५ अश्विनी, ६ कृत्तिका, ७ मृगशर, ८ पुष्य, ९ मघा, १० पूर्वाफाल्गुनी, ११ हस्त, १२ चित्रा, १३ अनुराधा १४मूल और १५पूर्वापाढा. ये तीस मुहूर्त से योग करते हैं; क्योंकी एक अहोरात्रि के ६७ये ६७ भाग से योग करते हैं. उन को मुहूर्त के भाग करते ३० गुना करे तब २०१० होवे. इस राशि को ६७ का भागदेवे तब तीस मुहूर्त होवे. अहो भगवन् ! ऐसे कितने नक्षत्र हैं कि जो चंद्र की साथ पैंतालीस मुहूर्त में योग करते हैं ? अहो शिष्य ऐसे छ नक्षत्र हैं कि जो चंद्र की साथ पैंतालीस मुहूर्त से योग करते हैं जिन के नाम-१ उत्तराभाद्रपद, २ रोहिणी, ३ पुनर्वसु, ४ उत्तराफाल्गुनी, ५ विशाखा और ६ उत्तरापाढा. क्योंकि एक अहोरात्रि के ४७ सडसठिये १००॥ भाग से चंद्रमा की साथ उक्त छ नक्षत्रों योग करते हैं. इस से इस को ३० गुना करने से ३०१५हुवे फीर इसे ६७का भागदेने से ४५मुहूर्त आवे.॥२॥अब सूर्य की साथ नक्षत्रों के योग का कथन करते हैं. इन अठावीस नक्षत्रों में से ऐसे नक्षत्रों हैं कि जो चार अहोरात्रि व छ मुहूर्त में सूर्य की साथ योग करते हैं, कितनेक ऐसे नक्षत्र हैं कि जो छ अहो रात्रि २१ मुहूर्त में सूर्य

संहि जोगं जोएति, अत्थि नक्खत्ते जेणं पक्खत्ता तेरस अहोरत्ते दुवालस
मुहुत्ते सूरेणं सद्धिं जोगं जोएति, अत्थि णक्खत्ते जेणं पक्खत्ता वीसं अहोरत्ते तिन्निय

की साथ योग करते हैं, कितनेक ऐसे नक्षत्र हैं कि जो तेरह अहोरात्रि और बारह मुहूर्त में सूर्य की
साथ योग करते हैं, कितनेक ऐसे नक्षत्र हैं कि जो बीस अहोरात्रि तीन मुहूर्त में सूर्य की साथ
योग करते हैं. इन अठावीस नक्षत्र में से कौन से नक्षत्र ऐसे हैं कि जो सूर्य की साथ चार दिन व छ
मुहूर्त में योग करते हैं कौन २ नक्षत्र छ अहोरात्रि इक्कीस मुहूर्त योग करते हैं, कौन २ नक्षत्र
तेरह अहोरात्रि बारह मुहूर्त योग करते हैं, और कौन २ नक्षत्र हैं कि जो बीस अहोरात्रि तीन मुहूर्त
योग करते हैं ? उत्तर-इन अठावीस नक्षत्र में से जो नक्षत्र चार अहोरात्रि छ मुहूर्त सूर्य की साथ योग
करते हैं वह एक अभिच नक्षत्र है. ऐसे जैसे पहिले चंद्र के साथ नक्षत्रों का योग कहा वैसे ही यहां
कहना. यावत् शब्द से जो छ नक्षत्र चंद्र की साथ पन्नरह मुहूर्त योग करते हैं वे यहां सूर्य की साथ छ
अहोरात्रि इक्कीस मुहूर्त योग करते हैं, जो पन्नरह नक्षत्र चंद्र साथ तीस मुहूर्त योग करते हैं वे
यहां सूर्य की साथ तेरह अहोरात्रि बारह मुहूर्त में योग करते हैं, वगैरह इन अठावीस नक्षत्रों में से
जो बीस अहोरात्रि व तीन मुहूर्त सूर्य की साथ योग करते हैं वे छ नक्षत्र हैं जिनके नाम १ उत्तरा
भाद्रपद २ रोहिणी ३ पुनर्वसु ४ उत्तरा फाल्गुनी ५ विशाखा और ६ उत्तराषाढा. जो नक्षत्र चंद्र

मुहुत्ते सूरिएणं सद्धिं जोगं जोएति॥ता एतेसिणं अट्ठाविसाए णक्खत्ताणं कयरे णक्खत्ते जेणं नक्खत्ता चत्तारि अहोरत्ते छच्चमुहुत्ते सूरिएणं सद्धिं जोगं जोएति ॥ कयरे णक्खत्ते जेणं छ अहोरत्ते दुवालस मुहुत्ते सूरिएणं सद्धिं जोगं जोएति ॥ कयरे

की साथ ९ मुहूर्त व सडसठिये २७ भाग योग करे वह नक्षत्र सूर्य की साथ चार अहोरात्रि छ मुहूर्त योग करे, चंद्र की साथ जो छ नक्षत्र १५ मुहूर्त योग करे वही छ नक्षत्र सूर्य की साथ छ अहोरात्रि २१ मुहूर्त योग करे, चंद्र की साथ जो पनरह नक्षत्र तीस मुहूर्त योग करे वे ही सूर्य की साथ १३ अहोरात्रि १२ मुहूर्त योग करे, चंद्र की साथ जो छ नक्षत्र ४५ मुहूर्त योग करे वे ही सूर्य की साथ बीस अहोरात्रि तीन मुहूर्त योग करे. ऐसा योग होने की विधि बताते हैं. एक युग में चंद्रमा साथ नक्षत्र ६७ वार योग करते हैं, और सूर्य साथ पांच वार योग करते हैं. जो नक्षत्र चंद्रकी साथ ९ मुहूर्त ६७ ये २७ भाग योग करता है उस को ६७ से गुना करना. क्योंकि एक युग में ६७ वार चंद्रकी साथ योग करता है. इस से ९$\frac{२७}{६७}$×६७=६३० मुहूर्त होवे. इस को एक अहोरात्रि के ३० मुहूर्त होने से ३० का भाग देना, जिससे २१ होवे. यह २१ दिन चंद्रकी साथ योग करे. यही नक्षत्र पांच वार सूर्य की साथ योग करे, इससे इस को पांच का भागदेने से चार अहोरात्रि और ६ मुहूर्त में सूर्य की साथ योग करे.

सूत्र

णक्खत्ते जेणं नक्खत्ता तेरस अहोरत्ते दुवालस मुहुत्ते सूरिएणं सद्धिं जोएति कयरे णक्खत्ते जेणं णक्खत्ता वीसं अहोरत्ते तिन्निय मुहुत्ते सूरिएणंसद्धिं जोगं जोएति? ताएयासिणं अट्ठावीसाए नक्खत्ताणं जे से णक्खत्ते चत्तारि अहोरत्ते छच्च मुहुत्ते सूरिएणं सद्धिं जोगं जोएति सेणं एगे अभिए एवं वयासी उच्चारेयव्वा जाव तत्थणं जेते णक्खत्ता वीसं अहोरत्ते तिण्णिय मुहुत्ते सूरिएणंसद्धिं जोगं जोएति

अर्थ

जितने नक्षत्र चंद्र की साथ १५ मुहूर्त योग करते हैं वे एक युग में १००५ मुहूर्त में योग करते हैं क्यों कि १५ को ६७ का भागदेने से १००५ होवे, इस को ३० का भागदेने से ३३॥ अहोरात्रि होवे. और इस को पांच का भागदेने से ६ अहोरात्रि व २१ मुहूर्त होवे. जो ३० मुहूर्त में योग करते हैं. इनको ६७ से गुनाकार करने से २०१० होवे, उसे फीर ३० का भागदेने से ६७ होवे उसे पांच का भाग देने से १३ अहोरात्रि और १२ मुहूर्त हुए. जो नक्षत्र चंद्र की साथ ४५ मुहूर्त योग करते हैं उस ४५ को ६७ से गुनने से ३०१५ मुहूर्त होवे, उसे ३० का भाग देने से १००॥ अहोरात्रि होवे, उसे पांच का भाग देने से २० अहोरात्रि व तीन मुहूर्त होवे. इन का यहां यंत्र देते हैं.

तेणं छ नक्खत्ता तंजहा उत्तरभद्दवया जाव उत्तरासाढा॥ दसमस्स बिइतियं पाहुडं ॥ २ ॥

नक्षत्र.	चंद्र साथ. मुहूर्त.	भाग.	सूर्य साथ. अहोरात्रि.	मुहूर्त.	नक्षत्र.	चंद्र साथ. मुहूर्त.	भाग.	सूर्य साथ. अहो रात्रि.	मुहूर्त.
१ अभिच	९	२७	४	६	१५ पुष्य	३०	०	१३	१२
२ श्रवण	३०	०	१३	१२	१६ अश्लेषा	१५	०	६	२१
३ धनिष्ठा	३०	०	१३	१२	१७ मघा	३०	०	१३	१२
४ शतभिषा	१५	०	६	२१	१८ पूर्वा फाल्गुनी	३०	०	१३	१२
५ पूर्वाभाद्रपद	३०	०	१३	१२	१९ उत्तरा फल्गुनी	४५	०	२०	३
६ उत्तरा भाद्रपद	४५	०	२०	३	२० हस्त	३०	०	१३	१२
७ रेवती	३०	०	१३	१२	२१ चित्रा	३०	०	१३	१२
८ अश्वनी	३०	०	१३	१२	२२ स्वाति	१५	०	६	२१
९ भरणी	१५	०	६	२१	२३ विशाखा	४५	०	२०	३
१० कृत्तिका	३०	०	१३	१२	२४ अनुराधा	३०	०	१३	१२
११ रोहिणी	४५	०	२०	३	२५ जेष्ठा	१५	०	६	२१
१२ मृगशर	३०	०	१३	१२	२६ मूल	३०	०	१३	१२
१३ आर्द्रा	१५	०	६	२१	२७ पूर्वाषाढा	३०	०	१३	१२
१४ पुनर्वसु	४५	०	२०	३	२८ उत्तराषाढा	४५	०	२०	३

यह दशवा पाहुडा का दूसरा अंतर पाहुडा संपूर्ण हुवा ॥ १० ॥ २ ॥

सूत्र

ता कहतं एवंभागा आहितेति वदेज्जा, ? ता एतासिणं अट्ठावीसाए णक्खत्ताणं अत्थि णक्खत्ता, पुव्वंभागा समक्खेत्ता तिसंतिमुहुत्ता पण्णत्ता, अत्थिणं नक्खत्ता, जेणं नक्खत्ते पच्छाभागा समाक्खेत्ता तीसइं मुहुत्ता पण्णत्ता अत्थिणक्खत्ता. जेग नक्खत्ते णत्तं भागा अवड्ढक्खेत्ता पण्णरस मुहुत्ता पण्णत्ता, अत्थिणं णक्खत्ता उभयभागा दिवड्ढक्खेत्ता पणयालीसं मुहुत्ता पण्णत्ता ॥ १ ॥ ता एएसिणं अट्ठावीसाए णक्खत्ताणं कयरे णक्खत्ता. जेणं णक्खत्ता पुव्वभागा समक्खेत्ता तिसति मुहुत्ता पण्णत्ता, कयरे णक्खत्ता जेणं णक्खत्ता पच्छाभागा समक्खेत्ते तिसति मुहुत्ता पण्णत्ता ॥

अर्थ

अब दशवेका तीसरा अंतर पाहुडा कहते हैं. अहो भगवन्! किस तरह इन नक्षत्रों के भाग कहे हैं. अहो शिष्य! इन अठावीस नक्षत्रों में से ऐसे भी नक्षत्रों हैं कि जो नक्षत्र पूर्वभाग समक्षेत्र वाले तीस मुहूर्त के कहे हैं. कितनेक ऐसे नक्षत्र हैं कि जो पश्चात्भाग समक्षेत्र वाले तीस मुहूर्त के कहे हैं, कितनेक नक्षत्र ऐसे है कि अर्धभाग वाले पन्नरह मुहूर्त के कहे हैं, और कितनेक नक्षत्र ऐसे है कि जो उभय भाग के देढ दिन के क्षेत्रवाले ४५ मुहूर्त के कहे हैं ॥ १ ॥ अहो भगवन् ? इन अठावीस नक्षत्रों में से कौन नक्षत्रों ऐसे हैं कि जो पूर्व भाग सम क्षेत्र तीस मुहूर्त का कहा है, कौनसे नक्षत्रों पश्चात भाग समक्षेत्र

कयरे णक्खत्ते जेणं णक्खत्ते णंतं भागा अवढ्ढक्खेत्ता पण्णरसमुहुत्ता पण्णत्ता कयरे णक्खत्ते जेणं णक्खत्ता उभयंभागा दिवढ्ढक्खेत्ते पणयालिस मुहुत्ता पण्णत्ता, ता एएसिणं अट्ठावीसाए णक्खत्ताणं, तत्थणं जेते णक्खत्तेणं णक्खत्ता पुव्वभागा समक्खेत्ता तिसति मुहुत्ता पण्णत्ता:तेणं छ तंजहा-पुव्वभद्दवया कात्तिया महा, पुव्वाफग्गुणि, मूलो, पुव्वासाढा ॥ तत्थणं जेते नक्खत्त पच्छा भाग समखेत्ते तिसइ मुहुत्ता पण्णत्ता, तेणं दस तंजहा-अभिते, सवणे, धणिट्ठा, रेवति, अस्सिणि, मगसिर, पुस्सो, हत्थो, चित्ता, अणुराहा पच्छा भाग दस हवंति ॥

तीस मुहूर्त के हैं, कौनसे नक्षत्रो अर्धक्षेत्र पन्नरह मुहूर्त के हैं और कौन से नक्षत्र दोनों विभाग देढ क्षेत्र पैतालीस मुहूर्त वाले हैं ? उत्तर-अहो शिष्य ! इन अठावीस नक्षत्रों में से जो नक्षत्र पूर्वभाग समक्षेत्र में तीस मुहूर्त पर्यंत चंद्रमा साथ योग करे (अर्थात् क्षेत्र मंडल के चार विभाग करना. पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण द $\frac{पू}{प}$ उ इस में जो पूर्व दक्षिण की मध्य में योग करे वह पूर्व भाग योग जानना, ऐसे छ नक्षत्र कहे हैं जिन के नाम १ पूर्वाभाद्र पद, २ कृत्तिका, ३ मघा, ४ पूर्वा फाल्गुनी, ५ मूल और ६ पूर्वाषाढा. यह छे नक्षत्र पूर्व भागमें चंद्र साथ योग करतेहैं. जो नक्षत्र पश्चिमतरफ समक्षेत्र तीस मुहूर्त के हैं वे दश नक्षत्र हैं (नव नक्षत्र समक्षत्रीय है और एक अभिच नक्षत्र समक्षेत्र के ६७ भाग २१ वैसे २१ भाग क्षेत्रवाला हैं तथापि समक्षेत्र में ही इस की गिणना की है

तत्थणं जेते णक्खत्ता णच्चभागा, अवड्ढ खेत्ता पण्णरस मुहुत्ता तेणं छ तंजहा-सतभिसा भरणि, अद्दा, असलेसा, साति, जेट्ठा, ॥ तत्थणं जेते णक्खत्ता, तेणं नक्खत्ता उभयभागा, दिवड्ढ खेत्ता, पणयालीसाति मुहुत्ता पण्णत्ता तेणं छ तंजहा-उत्तरभद्दवया, रोहिणि, पुणवसु, उत्तराफग्गुणी, विसाहा, उत्तरासाढा ॥ दसमस्स पाहुडस्स ततियं पाहुडं ॥ १० ॥ ३ ॥ + +

ता कहंते जुगस्स आदि आहितेति वदेज्जा ? ता अभिया, सवणा, खलु दुवे णक्ख

इन दश नक्षत्र के नाम, १ अभिच २ श्रवण ३ धनिष्ठा ४ रेवति ५ अश्विनी ६ मृगसर ७ पुष्य ८ हस्त ९ चित्रा और १० अनुराधा. उक्त दश नक्षत्र पश्चिम तरफ अर्थात् दक्षिण से पश्चिम तरफ जाते योग करते हैं. वहां जो नक्षत्र पश्चिम के अंत जाते रात्रि में अर्ध क्षेत्र पन्नरह मुहूर्त में योग करे वे छ नक्षत्र हैं जिन के नाम—१ शतभिषा २ भरणि ३ आर्द्रा ४ अश्लेषा ५ स्वाति और ६ ज्येष्ठा. और जो नक्षत्र पूर्वपश्चिम दोनों भाग में देढ क्षेत्र के ४५ मुहूर्त योग करे वे नक्षत्रों छ हैं जिन के नाम. १ उत्तराभाद्रपद २ रोहिणी ३ पुनर्वसु ४ उत्तराफाल्गुनी ५ विशाखा और ६ उत्तराषाढा. उक्त छ नक्षत्रों पूर्वपश्चिम भाग में योग करते हैं. यह दशवा पाहुडा का तीसरा अंतर पाहुडा संपूर्ण हुवा ॥ १० ॥ ३ ॥ ०

अब चौथा अंतर पाहुडा कहते हैं. अहो भगवन् ! युग की आदि कैसे कही? अर्थात् बैठते युगमें चंद्रमा

त्ता पच्छाभागा समक्खेत्ता सातिरेगा उणयालिसंति मुहुत्ता, तं पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोगं जोएति, ततोपच्छा अवरसातिरेगं दिवसं एवं खलु अभितं सवणे दुवेत्ते णक्खत्ता एगं रायं एगंचसातिरेगं दिवसं चंदेणंसद्धिं जोगं जोएति जोगं जोतित्ता जोगं अणुपरियट्टांति, जोगं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदे धणिट्ठाणं समप्पिंति ता धणिट्ठा खलु णक्खत्ते पच्छाभागे समक्खेत्ते तिसति मुहुत्ते तं

साथ नक्षत्र का योग कैसे होवे सो कहीये ? अहो गौतम ! अभिजित व श्रवण ये दोनों नक्षत्र पश्चात् भाग समक्षेत्र साधिक ३९ मुहूर्त में पहिले दिन संध्या को चंद्रमा की साथ योग करे. अर्थात् युग की आदि प्रभात से होती है, और वहां से प्रथम अभिजित नक्षत्र के योग का प्रारंभ होता है. अभिजित नक्षत्र का योग ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये और ३९ भाग ६७ ये चंद्र की साथ होता है. यह नक्षत्र सहमठीये २१ भाग श्रवण नक्षत्र की साथ समक्षेत्री है. अभिजित नक्षत्र पीछे श्रवण नक्षत्र का योग होता है वह तीस मुहूर्त पर्यंत रहता है. उक्त दोनों नक्षत्रों का योग दक्षिण से पश्चिम तक के क्षेत्र में चंद्र साथ होवे. यद्यपि अभिजित् नक्षत्र प्रातःकाल से ही लगता है परंतु ६७ ये २१ भाग का श्रवण नक्षत्र की साथ समक्षेत्री होने से पश्चात भाग क्षेत्री में लिया है. उक्त दोनों नक्षत्र एक रात्रि और

पढमयाए सायं चंदेणसद्धिं जोगंजोएतित्ता जोगंअणुपरियट्टंति जोगं अणुपरियट्टित्ता सायं चंदे सतभिसताणं समप्पिंतिता सतभिसता खलु णक्खत्ते णंत्तं भागे अवड्ढखेत्ते पण्णरस मुहुत्ते तं पढमयाए सायं चंदेणसद्धिं जोगं जोतेति नोलभइ अवरं दिवसं ॥ एवं खलु सयाभिसया णक्खत्ते एगंरातिं चंदेणसद्धिं जोगं जोतेति जोगंजोतेत्ता जोगं अणुपरियट्टित्ता, पातोचंदे पुव्वाणं पोट्ठवयाणं

साधिक एक दिन पर्यंत चंद्रमा साथ रहते हैं अर्थात् युगके दूसरे दिन में दूसरा श्रवण नक्षत्र की ९ $\frac{२४}{६१}$ $\frac{३९}{६७}$ भाग में समाप्ति होवे वहां से चंद्रमा उस नक्षत्र से पीछा नीवर्ते फीर युग के दूसरे दिन में ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ यें गये पीछे पश्चातभाग संध्याकाल में धनिष्ठा नक्षत्र का योग होवे दूसरे दिन के उक्त साधिक ९ मुहूर्त व्यतीत होते और शेष ८ मुहूर्त ३२ भाग ६१ ये २८ भाग ५७ ये शेष रहे उस के प्रथम समय में संध्याकाल से धनिष्ठा नक्षत्र तीस मुहूर्त योग करे. योग कर के युग के तीसरे दिन में ९ मुहुर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ यें तक मे योग की समाप्ति करे और दिन का ८ मुहूर्त ३० भाग ६१ में २८ भाग ६७ शेष रहें. इस के प्रथम समय में संध्याकाल से शतभिषा नक्षत्र प्राप्त होवे, यह नक्षत्र नक्त भागी [रात्रि भाग] पन्नरह मुहूर्त का होवे, इस से दुसरा दिन

समप्पंति, ता पुव्वपोट्ठवया खलु णक्खत्ते पुव्वभागे समखेत्ते तिसति मुहुत्ते पातो-चंदेणसद्धिं जोगं जोएति, ततोपच्छा अवरराय ॥ एवं खलु पुव्वा पोट्ठवया णक्खत्ते एगंच दिवसं एगं च राति चंदेणं सद्धिं जोगजोएति २ त्ता, जोगं अणुपरि यट्टति २ त्ता पातो चंदे उत्तरापोट्ठवयाणं समप्पेति तम उत्तरापोट्ठवया, खलुण-क्खत्ते उभयभागे दिवड्ड खेत्ते पणयालीसति मुहुत्ते, तं पढमयाए पातो चंदेणंसद्धिं

प्राप्त करे नहीं परंतु रात्रि में ही चंद्र की साथ योग करे अर्थात् युग के तीसरी दिन की रात्रि में ६ मुहूर्त ३० भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ तक में शतभिषा नक्षत्र के योग की समाप्ति होवे, रात्रि का शेष भाग ५ मुहूर्त ३६ भाग ६१ ये और २९ भाग ६७ रहे, वहां से प्रथम समय में पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र पूर्व की रेखा से दक्षिण की रेखा पर्यंत तीस मुहूर्त तक योग करे, इससे वह नक्षत्र तीसरा दिन की शेष रात्रि पूर्ण करे चौथा दिन पूर्ण करे और चौथा दिन की रात्रि के ६ मुहूर्त ३२ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये पूर्ण करे. और शेष ५ मुहूर्त २६ भाग ६१ ये २८ भाग ६७ ये रहे इस के प्रथम समय में उत्तराभाद्रपद नक्षत्र प्राप्त होवे. यह उत्तराभाद्रपद नक्षत्र उभयभागी ४५ मुहूर्त का है. यह प्रभात से अर्थात् जो शेष रात्रि रही है वहां से चंद्र की साथ योग करते हुवे

सूत्र

जोग जोएति, अवरं च रायं. ततो पच्छा अवरं दिवसं, एवं खलु उत्तरा पोट्ठवयानक्खत्ते दोय दिवसं एगंच राई चंदेणसद्धिं जोगं जोएति २ त्ता जोगं अणुपरियट्टति२त्ता, सायं चंदे रेवातिणं समप्पिति ता रेवाति खलु णक्खत्ते पच्छा भागे समक्खेत्ते तिसाति मुहुत्ते तं पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोगंजोएति ततो

अर्थ

वह रात्रि युगका पांचवा दिन व रात्रि पुर्ण करे और युग के छठे दिन में ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ व्यतीत होवे वहां तक रहे. इस तरह उत्तराभाद्रपद नक्षत्र दो दिन साठेरा व एक रात्रि से कुछ अधिक इतना काल तक चंद्र की साथ रहे, इतना रह कर सायंकाल में रेवति नक्षत्र की प्राप्ति होवे यह नक्षत्र पश्चात भागी तीस मुहूर्त का है. युग के छठे दिन में ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये गये पीछे प्रथम समय में सायंकाल में चंद्र की साथ योग होवे. यह रेवती नक्षत्र एक रात्रि एक दिन रह कर युग के सात वे दिन के ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये योग करे. योग की प्राप्ति से निवर्त कर सायंकाल को अश्विनि नक्षत्र की प्राप्ति होवे. यह अश्विनी नक्षत्र पश्चात भागी तीस मुहूर्त का होने से इस का योग सायंकाल से होता है. युग के सातवे दिन ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ में गये पीछे प्रथम समय मे सायं काल को चंद्र की साथ योग करे. तत्पश्चात एक रात्रि एक दिन तक अश्विनी नक्षत्र योग कर के युग के आठवे दिन ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७

पच्छा अवरादिवसं एवं खलु रेवाति णक्खत्ते, एगं राइं एगंच दिवसं चंदेणसद्धिं जोगं जोएति २ त्ता जोगं अणुपरियट्टंति २ त्ता सायं चंदे अस्सणिणं समप्पेति ता अस्सणि खलु णक्खत्ते पच्छाभागे समखेत्ते तिसति मुहुत्ते पढमयाए सायं चंदेण सद्धिं जोगं जोएति २ त्ता, ततो पच्छा अवरं दिवसं, एवं खलु अस्सणि णक्खत्ते, एगं च रायं एगंचादिवसं चंदेणसद्धिं जोगं जोतेति २ त्ता जोगं अणुपरियट्टति २ त्ता सायं चंदे भरणीणं समप्पेति ता भरणि खलुणक्खत्तेणत्तं भागे अवड्ढखेत्ते पण्णरस मुहुत्ते तं पढमयाए

ये तक रहे. तत्पश्चात प्रथम समय में भरणी नक्षत्र आवे. यह भरणी नक्षत्र नक्तभागी अर्धक्षेत्री पन्नरह मुहूर्त का है. इस से इस का योग हुवे पीछे इस नक्षत्र में दूसरा दिन नहीं आसकता है; परंतु रात्रि में ही यह नक्षत्र पूर्ण होता है. रात्रि के ९ मुहूर्त ४० भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये तक यह नक्षत्र रहता है. इतना रात्रि समय गये पीछे प्रथम समय में कृत्तिका नक्षत्र प्राप्त होवे. यह पूर्वभाग समक्षेत्री तीस मुहूर्त का है. यह नक्षत्र युग के आठवे दिन की रात्रि के ९ मुहूर्त ४८ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये गये पीछे प्रथम समय में लगता है, प्रातःकाल में चंद्रमा की साथ योग करे. यह कृत्तिका नक्षत्र एक दिन एक रात्रि तक चंद्रमा की साथ तीस मुहुर्त में योग करे, और युगके नवबे दिन के रात्रि में ६ मुहूर्त ४२ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये गये पीछे निवर्ते. इस से आगे प्रातःकाल में रोहिणी नक्षत्र

सायं चंदेणसाद्धिं जोगं जोतेति नो लब्भति अवरं दिवसं एवं खलु भरणि णक्खत्ते, एगं राइं चंदेणसाद्धिं जोगं जोतेति २त्ता जोग अणुपरियट्टति २त्ता पातोचंदे कत्तियाणं समप्पेति ता कत्तिया खलु णक्खत्ते पुव्वं भागे समक्खेत्ते तिसति मुहुत्ते तंपढमयाए पातो चंदेण सद्धिं जोगं जोतेति, ततो पच्छा राईं, एवं खलु कत्तिया णक्खत्ते एगंच दिवसं एगंचराति, चंदेणसाद्धिं जोगं जोएइ २ त्ता जोगं अणुपरियट्टति २ त्ता

का प्रारंभ होवे. यह नक्षत्र उभय भागी देढ क्षेत्री पैंतालीस मुहुर्त का है. यह नक्षत्र युग के नवे दिन की शेष रही हुई रात्रि, दशवा दिन व दशवे दिन की रात्रि व अग्यारहवे दिन के ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये तक रहे. यह नक्षत्र वहां से निवर्ते पीछे प्रथम समय में मृगशर नक्षत्र धनिष्टा जैसे योग करे. मृगशर नक्षत्र पश्चिम भागी सम क्षेत्री तीस मुहूर्त का है. अग्यारवे दिन ९ मुहूर्त २४ भाग ६१ ये ३९ भाग ६७ ये गये पीछे योग करे. बारहवे दिन में उतनेही मुहुर्त तक रहता है. यहां से निवर्ते पीछे आर्द्रा नक्षत्र का योग होता है. इस का शतभिषा जैसे जानना. यह आर्द्रा नक्षत्र भी नक्त भागी अर्धक्षेत्री पन्नरह मुहूर्त का है. युग के बारहवे दिन ९ मुहूर्त २४ ६१ ये ३९ भाग ६७ ये गये पीछे इसका प्रारंभ होता है, उस दिन की रात्रि के ६ मुहुर्त ४८ भाग

पातोचंदे रोहिणीणं समंप्पिति रोहिणि जहा उत्तरभद्दवया, मिगसिरं जह धणिट्ठा, एवं अद्दा जहा सतभिसया तहा नत्तं भागा णेयव्वा, जहा पुव्वभद्दवया तहा पुव्वा-भागा छप्पिनेयव्वा, जहा धणिट्ठा तहा पच्छा भागा णेयव्वा जहा सतभिसया तहा णत्तं भागा णेयव्वा जहा उत्तरा भद्दवया तहा उभय भागा णेयव्वा, जाव एवं खलु उत्तरासाढा णक्खत्ते दोय दिवसे एगंचरातिं, चदेणसद्धिं जोगं जोसेति २ त्ता जोगं अणुपरियट्टति २ त्ता, सायं चंदे अभिति सवणं समप्पिाति॥दसमस्स चउत्थं पाहुडं समत्तं॥

६१ ये ३९ भाग ६७ ये गये पीछे योग पूर्ण करे, जैसे पुर्व भाद्रपद नक्षत्र का कहा वैसेही पूर्व भागी छ नक्षत्रों का कहना. वे प्रातःकाल में चंद्रकी साथ तीस मुहूर्त एक रात्रि एक दिन तक रहे; जैसे धनिष्ठा का कहा वैसे ही पश्चात भागी नक्षत्र का कहना. वे सायंकाल में चंद्रमा साथ तीस मुहुर्त तक योग करते हैं. जैसे शतभिषा का कहा वैसेही नक्त भागी का कहना. यह सायंकाल में चंद्रकी साथ पन्नरह मुहूर्त तक रहे, यों नक्षत्रों रात्रि में ही पुर्ण होवे, दूसरे दिन तक रहे नहीं, जैसे उत्तराभाद्रपदका कहा है वैसे उभय भागी जानना. वे प्रातःकाल से चंद्र साथ ४५ मुहूर्त में दो दिन एक रात्रि तक रहे, यों उत्तराषाढा नक्षत्र दो दिन एक रात्रि तक चंद्र की साथ योग करके सायंकाल में अभिजित नक्षत्र का योग होवे, अहो अयुष्यमंत श्रमणो ! युग की आदि में नक्षत्र मास का योग कहा. यह दशवा पाहुडे का चौथा अंतर पाहुडा संपूर्ण हुवा. ॥ १० ॥ ४ ॥ ० ०

चंद्रके साथ नक्षत्रों के योग का यंत्र. नक्षत्र मास.

नं०	नक्षत्र	प्रातः समय	सांय समय	युग का दिन	दिन में नक्षत्र संपूर्ण करे			दिनमें नीचे का नक्षत्र भोगवे			रात्रि नक्षत्र संपूर्ण करे			रात्रिमें नीचे का नक्षत्र भोगवे		
					मुहूर्त	भाग ६१	भाग ६७	मुहूर्त	भाग ६१	भाग ६७	मुहूर्त	भाग ६१	भाग ६७	मुहूर्त	भाग ६१	भाग ६७
१	अभिच	०	१	१	९	२४	३९	८	३४	२८	०	०	०	०	०	०
२	श्रवण	०	१	२	९	२४	३९	८	३२	२८	०	०	०	०	०	०
३	धनिष्ठा	०	१	३	९	२४	३९	८	३०	२८	०	०	०	०	०	०
४	शतभिषा	०	१	३	०	०	०	०	०	०	६	३०	३९	५	३६	२८
५	पूर्वाभाद्रपद	१	०	४	०	०	०	०	०	०	६	३२	३९	५	३६	२८
६	उत्तराभाद्र.	१	०	६	९	२४	३९	८	२४	२८	०	०	०	०	०	०
७	रेवति	०	१	७	९	२४	३९	८	२२	२८	०	०	०	०	०	०
८	अश्विनी	०	१	८	९	२४	३९	८	२०	२८	०	०	०	०	०	०
९	भरणी	०	१	८	०	०	०	०	०	०	६	४०	३९	५	३६	२८
१०	कृत्तिका	१	०	९	०	०	०	०	०	०	६	४२	३९	५	३६	२८
११	रोहिणी	१	०	११	९	२४	३९	८	१४	२८	०	०	०	०	०	०
१२	मृगसर	०	१	१२	९	१४	३९	८	१२	२८	०	०	०	०	०	०

१३	आर्द्रा	०	१	१२	०	०	०	०	०	०	६	४८	३९	५	३६	२८
१४	पुनर्वसु	१	०	१४	९	२४	३९	८	८	२८	०	०	०	०	०	०
१५	पुष्य	०	१	१५	९	२४	३९	८	६	२८	०	०	०	०	०	०
१६	अश्लेषा	०	१	१५	०	०	०	०	०	०	६	५४	३९	५	३६	२८
१७	मघा	१	०	१६	०	०	०	०	०	०	६	५६	३९	५	३६	२८
१८	पूर्वा फाल्गुनी	१	०	१७	०	०	०	०	०	०	६	५८	३९	५	३६	२८
१९	उत्तरा फाल्गु.	१	०	१९	९	२४	३९	७	५९	२८	०	०	०	०	०	०
२०	हस्त	०	१	२०	९	२४	३९	७	५७	२८	०	०	०	०	०	०
२१	चित्रा	०	१	२१	९	२४	३९	७	५५	२८	०	०	०	०	०	०
२२	स्वाति	०	१	२२	०	०	०	०	०	०	७	५	३९	५	३६	२८
२३	विशाखा	१	०	२३	९	२४	३९	७	५१	२८	०	०	०	०	०	०
२४	अनुराधा	०	१	२४	९	२४	३९	७	४९	२८	०	०	०	०	०	०
२५	जेष्ठा	०	१	२४	०	०	०	०	०	०	७	११	३९	५	३६	२८
२६	मूल	१	०	२५	०	०	०	०	०	०	७	१३	३९	५	३६	२८
२७	पूर्वाषाढा	१	०	२६	०	०	०	०	०	०	७	१५	३९	५	३६	२८
२८	उत्तराषाढा	१	०	२८	९	२४	३९	७	४१	२८	०	०	०	०	०	०

सूत्र

ता कहंते कुला उवकुला,कुलावकुला आहितेति वदेज्जा? तत्थ खलु इमा बारस कुला बारस उवकुला चत्तारि कुलावकुला पण्णत्ता ॥ बारस कुला तंजहा—धणिट्ठाकुलं उत्तराभद्दवयाकुलं, अस्सिणी कुलं, कत्तियाकुलं मिगसिरकुलं, पुस्सोकुलं, महाकुलं, उत्तराफग्गुणी कुलं, चित्ताकुलं, विसाहा कुलं, मूलो कुलं उत्तरापाढा कुलं ॥

अर्थ

अब पांचवे पाहुडे में कुल, उपकुल व कुलोपकुल नक्षत्र का कहते हैं—अहो भगवन् ! आपके मत में कुल नक्षत्र कितने हैं, उपकुल नक्षत्र कितने हैं, कुलोपकुल नक्षत्र कितने हैं ? अहो शिष्य ! बारह नक्षत्र कुल हैं, बारह नक्षत्र उपकुल हैं और चार नक्षत्र कुलोपकुल हैं. जो बारह नक्षत्र कुल हैं जिनके नाम-श्रवण मास के तीन नक्षत्र हैं, जिनमें धनिष्ठा श्रावण मास की पूर्णिमा को होवे तो कुल, २ भाद्रपद मास में तीन नक्षत्र हैं परंतु पूर्णिमा को उत्तराभाद्रपद कुल है, ३ आश्विन मास में दो नक्षत्र हैं जिन में पूर्णिमा को अश्विनि नक्षत्र कुल, ४ कार्त्तिक मास में दो नक्षत्र हैं, जिस में कार्तिकी पूर्णिमा को कृत्तिका कुल, ५ मृगसर मास में दो नक्षत्र हैं जिस में पूर्णिमा को मृगसर नक्षत्र कुल है, ६ पोष मास में तीन नक्षत्र जिस में पूर्णिमाको पुष्य नक्षत्र कुल, ७ माघ मास में दो नक्षत्र जिन में पूर्णिमा को मघा नक्षत्र कुल, ८ फाल्गुन मास में दो नक्षत्र जिनमें पूर्णिमाको उत्तरा फाल्गुनी कुल है, ९ चैत्र मास में दो नक्षत्र हैं, जिस में पूर्णिमा को चित्रा कुल, १० वैशाख मास में दो नक्षत्र जिस में विशाखा कुल, ११ ज्येष्ट मास में

बारस उवकुला पण्णत्ता तंजहा-सवणो उवकुलं, पुव्वभद्दवया उवकुलं, रेवति उवकुलं, भरणि उवकुलं, रोहिणी उवकुलं, पुणवसुउवकुलं, असलेसा उवकुलं, पुव्वाफग्गुणी उवकुलं, हत्थेउवकुलं साति उवकुलं, जेट्ठा उवकुलं, पुव्वासाढा उवकुलं ॥ चत्तारि कुलावकुला पण्णत्ता तंजहा- अभिति कुलावकुलं, सतभिसया कुलावकुलं, अद्दाकु-

तीन नक्षत्र जिस में पूर्णिमा को मूल कुल और १२ अषाढ मास में दो नक्षत्र जिन में पूर्णिमाको उत्तराषाढ कुल नक्षत्र जानना. अथ बारह उपकुल नक्षत्र कहते हैं. जो कुल नक्षत्र हैं उनकी पूर्वके नक्षत्र यदि उस मासकी पूर्णिमाको आवे तो उपकुल होते हैं तद्यथा १ श्रावणकी पूर्णिमा को श्रवण उपकुल, २ भाद्रपद की पूर्णिमा को पूर्वाभाद्रपद उपकुल, ३ अश्विन मास की पूर्णिमा को रेवति नक्षत्र उपकुल, ४ कार्तिक मास की पूर्णिमा को भरणी उपकुल, ५ मृगशर मास की पूर्णिमा को रोहिणी उपकल, ६ पोष मास की पूर्णिमा को पुनर्वसु उपकुल, ७ माघ मास की पूर्णिमा को अश्लेषा उपकुल, ८ फाल्गुन मास की पूर्णिमा को पूर्वाफाल्गुनी उपकुल, ९ चैत्र मास की पूर्णिमा को हस्त नक्षत्र उपकुल, १० वैशाख मास की पूर्णिमा को स्वाति नक्षत्र उपकुल, ११ ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को ज्येष्ठा नक्षत्र उपकुल, और १२ अषाढ मासकी पूर्णिमा को पूर्वाषाढा उपकुल होते है. अब कुलोपकुल नक्षत्र का कथन करते हैं--जो उपकुल नक्षत्र पूर्णिमा को आते हैं उन से पूर्व के नक्षत्रों उस ही पूर्णिमा को कुलोपकुल कहाते हैं वे चार ही नक्षत्र हैं तद्यथा—१ श्रावण मास की पूर्णिमा को अभिजित

	नक्षत्र.	कु.	उ.	कुलो.	नक्षत्र.	कु.	उ.	कुलो.	नक्षत्र.	कु.	उ.	कुलो.
१	अभिजित	०	०	१	११ रोहिणी	०	१	०	२१ चित्रा	१	०	०
२	श्रवण	०	१	०	१२ मृगसर	१	०	०	२२ स्वाती	०	१	०
३	धनिष्ठा	१	०	०	१३ आर्द्रा	०	०	१	२३ विशाखा	१	०	०
४	शतभिषा	०	०	१	१४ पूनर्वसु	०	१	०	२४ अनुराधा	१	०	१
५	पूर्वाभाद्रपद	०	१	०	१५ पुष्य	१	०	०	२५ जेष्ठा	०	१	०
६	उत्तराभाद्रपद	१	०	०	१६ अश्लेषा	०	१	०	२६ मूल	१	०	०
७	रेवती	०	१	०	१७ मघा	१	०	०				
८	अश्विनी	१	०	०	१८ पूर्वाफाल्गुनी	०	१	०	२७ पूर्वाषाढा	०	१	०
९	भरणि	०	१	०	१९ उत्तराफाल्गुनी	१	०	०				
१०	कृत्तिका	१	०	०	२० हस्त	०	१	०	२८ उत्तराषाढा	१	०	०

लावकुलं, अणुराहा कुलावकुलं ॥ इति दसमस्स पंचम पाहुडं सम्मत्तं ॥१०॥५॥ *

नक्षत्र कुलोपकुल हैं २ भाद्रपद मास की पूर्णिमा को शतभिषा नक्षत्र कुलोपकुल हैं, पौष मास की पूर्णिमा को आर्द्रा नक्षत्र कुलोपकुल हैं, और ४ ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को अनुराधा नक्षत्र कुलोपकुल हैं. यह दशवा पाहुडे का पांचवा अंतर पाहुडा संपूर्ण हुवा ॥ १० ॥ ५ ॥

ता कहंते पुण्णमासी आहितेति वदेज्जा ? तत्थ खलु इमातो बारस पुण्णमासीओ बारस अमावसाओ पण्णत्ताओ तंजहा-साविट्ठी, पोट्ठवती, आसोइ, कत्तिया, मगासिरा, पोसी, माही, फग्गुणि, चेती, विसाही, जेट्ठामुला, असाढी ॥१॥ ता सावट्ठी पोण्णिमं कतिणक्खत्ता जोतेति ? ता तिण्णि नक्खत्ताँ जोयंति तंजहा-अभिये, सवणे, धनिट्ठा ता पुट्ठवतीणं पुण्णिमं कति णक्खत्ता जोतेति ? ता तिणि णक्खत्ता जोयंति ? तंजहा-सताभिसया, पुव्वपोट्ठवया, उत्तरापोठवया ॥ आसोतीणं पुण्णिमं काति णक्खत्ता

किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! माघ वदी ७ के प्रथम समय में हस्त नक्षत्र के पांच तारे कहे हैं इस से हस्त नक्षत्र का योग होता है. यह नक्षत्र बहुवचन से पांच मुहूर्त ५० भाग ६२ ये ६० भाग ६७ ये शेष रहे तब उस के प्रथम समय में युग की आदि से दूसरी आउटी का प्रथम समय होवे. उस समय सूर्य किस नक्षत्र साथ योग करे ? अहो गौतम ! उस समय उत्तराषाढा नक्षत्र की साथ सूर्य योग करे. उत्तराषाढा नक्षत्र के चार तारे कहे हैं. यह नक्षत्र चरम समय भोगव कर अभिजित नक्षत्र के प्रथम समय में युग की आदि से दूसरी आउटी का प्रथम समय प्रवर्ते. इस का गणित प्रथम आउटी जैसे जानना ॥ २० ॥ अहो भगवन् ! इन पांच संवत्सर में दूसरी हेमंत काल संबंधी चौथी आउटी कब बैठती है. ? और कौनसा नक्षत्र चंद्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! शतभिषा नक्षत्र के १०० तारे कहे हैं, इस से अनेकवचनमें शतभिषा नक्षत्र २ मुहूर्त २८ भाग ६२ ये ४६ चूरणिये भाग ६७ ये शेष रहे तब इस के प्रथम समय में युग की आदि से चौथी आउटी का प्रथम समय होवे.

तं समयं चणं सूरे केणं णक्खत्ते ? ता उत्तराहिं असाढाहिं उत्तराणं असाढाणं चरम समए॥२१॥ ता एएसिणं पंचण्हं संवच्छराणं तच्चं हेमंते किय आउट्टिं चंदे केणं ? ता पुसेणं पुसस्सणं एकूणवीसं मुहुत्ता तयालीसंच बावट्ठी भागा बावट्ठी भागं सत्तसट्ठिया छेत्ता तेत्तीसं चुण्णिया भागा सेसा तं समयं चणं सूरे केणं ? ता उत्तराहिं आसाढाहिं उत्तराणं असाढाणं चरम समए ॥२२॥ ता एएसिणं पंचण्हं संवच्छराणं चउत्थे हेमंते

अहो भगवन् ! उस समय सूर्य किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! उस समय उत्तराषाढा नक्षत्र साथ सूर्य योग करता है. यह चरम समय में योग करके अभिजित नक्षत्र के प्रथम समय में युगकी आदिसे चौथी आउट्टी का प्रथम समय प्रवर्ते इसका गणित प्रथम आउट्टी जैसे जानना ॥ २१ ॥ अहो भगवन् ! इन पांच संवत्सर में तीसरा हेमंत काल संबंधी युग से छठी आउट्टी कब बैठती है ? और चंद्र किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! पुष्य नक्षत्र के तीन तारे कहे हैं, मध्यकी १ को पुष्य नक्षत्र का योग होता है यह नक्षत्र १९ मुहूर्त ४३ भाग ६२ ये ३३ भाग ६७ ये शेप रहे तब इस के प्रथम समय में छठी आउट्टी का योग होता हैं. अहो भगवन् ! उस समय सूर्य किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! उत्तराषाढा नक्षत्र साथ योग करता हैं. यह चरम समय भोगव कर अभिजित नक्षत्र के प्रथम समय में छठी आउट्टी का प्रथम समय प्रवर्तता है ॥ २२ ॥

किये आउट्टि चंदे केणं णक्खत्तेणं ? ता मूलेणं मूलस्ससणं छ मुहुत्ता अट्ठावीस बावट्ठी भागा बावट्ठी भागं च सत्त सट्ठिया छेत्ता वीस चुण्णिया भागा सेसा ॥ तं समयं चणं सूरे केणं ता उत्तराहिं असाढाहिं उत्तराणं असाढाणं चरिम समए ॥२३॥ ता एएसिणं पचण्ह संवच्छराणं पंचमं हेमंत किय आउट्टि चंदे केणं ? ता कत्तियाहिं, कत्तियाणं अट्ठारस मुहुत्ता छत्तीसं च बावट्ठी भागा मुहुत्तस्स

अहो भगवन् ? इन पांच संवत्सर में चौथा हेमंत काल संबंधी आउटा कब बैठती है और चंद्र किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! माघवदी १३ को मूल नक्षत्र के ११ तारे कहे हैं, इस में इस के अनेक वचन में मूल नक्षत्र के ६ मुहूर्त ५२ भाग ६२ ये २० भाग ६७ ये शेष रहे, तब उस के प्रथम समयमें आठवी आउटी का प्रथम समय बैठे. अहो भगवन् ! उससमय सूर्य किस नक्षत्र साथ योग करता है? अहो गौतम ! उत्तराषाढा नक्षत्र साथ योग करता है, यह चरम समय में योग कर के अभिजित नक्षत्र के प्रथम समय में युग की आदि से आठवी आउटी का प्रथम समय होवे, इस का गणित प्रथम आउटा अनुसार जानना. ॥ २३ ॥ अहो भगवन् ! इन पांच संवत्सरमें से पांचवा हेमंत काल संबंधी दशवी आउटी कब बैठती है और चंद्र किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! उस समय कृत्तिका नक्षत्र पह-वदी १० को बैठता है, इस के १८ मुहूर्त ३६ भाग ६२ ये ६ चूर्णिये भाग ६७ ये शेष रहे तब इस के प्रथम समय में दशवी आउटी बैठती है. अहो भगवन् ! उस समय सूर्य किस नक्षत्र साथ

योग करता है ? अहो गौतम ? उत्तराषाढा नक्षत्र साथ योग करता है, उसके चार तारे कहे हैं. इस के चरम समय में योग कर के अभिजित नक्षत्र के प्रथम समय में दशवी आउटी बैठे. इस का गणित पहिले जैसे जानना. यह दश आउटी किस तिथी में बैठती है. चंद्र का कोनसा नक्षत्र शेष रहे. सूर्य साथ कोनसा सूर्य नक्षत्र व चंद्र नक्षत्र कितना शेष रहे अथवा इस के प्रथम समय में आउटी बैठे उसका यंत्र

आउटी	तीथी	चंद्र नक्षत्र	शेष रहे मु०	भा. ६२	भा. ६७	सूर्य नक्षत्र	चंद्र साथ शे. मु०	भा. ६२	भा. ६७	सूर्य साथ शेष रहे : मुहूर्त
१	श्रावण वदी १	अभिजित	९	२४	६६	पुष्य	१९	४३	३३	२६४
२	महा वदी ७	हस्त	५	५०	६०	अभिजित	९	२४	६६	१२६
३	श्रावण वदी १३	मृगशर	११	३९	५३	पुष्य	१९	४३	३३	२६४
४	महा शुदी ४	शतभिषा	२	१८	४६	अभिजित	९	२४	६६	१२६
५	श्रावण शु. १०	विशाखा	१३	५०	४०	पुष्य	१९	४३	३३	२६४
६	महा वदी १	पुष्य	१९	४३	३३	अभिजित	९	२४	६६	१२६
७	श्रावण वदी ७	रेवती	२५	३२	२६	पुष्य	१९	४३	३३	२६४
८	महा वदी १३	मूल	६	५८	२०	अभिजित	९	२४	६६	१२६
९	श्रावण शुदी ४	पूर्वाफाल्गुनी	१२	४७	१३	पुष्य	१९	४३	३३	२६४
१०	महा शुदी १०	कृत्तिका	१८	३६	६	अभिजित	९	२४	६६	१२६

बत्तीसं भागं च सत्तसट्ठिभाग छेत्ता छ चुण्णिया भागा सेसा ॥ तं समयं चणं सूरे केणं णक्खत्तेणं जोएइ ? ता उत्तराहिं असाढाहिं उत्तराणं असाढाणं चरिम समए ॥ २४ ॥ तत्थ खलु इमे दसविहे जोए पण्णत्ते तंजहा- वसहाणुजोए, वेणुयाणुजोए मंचजोए मंचातिमंच जोए छत्तजोए छत्तातिछत्तजोए जुगणद्धजोए घणजोए पिणितजोए मंडुक्कप्पुजोए नामदसमे ॥ २५ ॥ ता एएसिणं पचण्हं संवच्छराणं छत्तातिछत्त जोगे चंदे कंसि देसंसि

अर्थ

इस तरह यह मंत्र संयुक्त हुआ. इस में पांच आउट्टी सूर्य दक्षिणार्ध के पुष्य नक्षत्र साथ योग करे और पांच आउट्टी उत्तरार्ध के अभिजित नक्षत्र साथ योग करे ॥ २४ ॥ यहां दश प्रकार के योग कहे हैं १ वृषभानु योग, वृषभ के आकार में चंद्र सूर्य नक्षत्र जिस योग में मिलें सो वृषभानु योग है, २ वेणुानु योग सो वास की लता के आकार से ३ मांचानुयोग-सो मांचा के आकार में ४ मंचानु मंच योग सो मांचा पर मांचा का आकार वाला ५ छत्रानु योग सो छत्राकार वाला ६ छत्रछत्रानुयोग सो छत्र उन पर छत्र का आकार ७ यूका सो वृषभ के स्कंध में जूका होवे उस आकार से ८ घन समुद्र चंद्र सूर्य नक्षत्र के बीच में आवे सो ९ मणात योग सो चंद्र नक्षत्र के करण जाते सूर्य उपनय सो १० मंडुक प्लुत योग गति के संभव से होवे ॥ २६ ॥ इन दश में से छत्रानुछत्र योग वर्जकर शेष नव योग प्रायः अनेकधा अनेक स्थान मीलते हैं इस से छत्रानुछत्र का यहां प्रश्न करते हैं अहो भगवन् ! इन पांच संवत्सर में छत्र पर छत्र योग चंद्र किस देश में करे ? अहो

जोतेति ? ता जंबूद्दिवस्स २ पाईण पडीणाययाए उदिण दाहिण जीवाए मंडलं चउव्विसेणं सतेणं छेत्ता दाहिणं पुरत्थिमिल्लंसि चउभाग मंडलंसि, सत्तावीसं भागे उवाविणिवेत्ता अट्ठावीसति भागे विंसतिहा छेत्ता, अट्ठारस भागे उवविणा विचा तिहिं भागहिं दोहिया कलाहिं दाहिण पच्चत्थिमे चउभाग मंडलं असंपत्ते तत्थणं से चंदे छत्तातिछत्त जोगं जोतेति, उप्पं चंदे मज्झेणक्खत्ते हेट्ठा आइचे तंसमयं चणंचदे केणं णक्खचे ? ताहिं चित्ताहिं चित्ताणं चरमे समए. इति बारसमं पाहुडं सम्मत्तं ॥ १२ ॥

गौतम ! इस जम्बूद्वीप में पूर्व पश्चिम की लम्बाई में व उत्तर दक्षिण की जिव्हा में एक मंडल के १२४ के भाग चार करना. इस में ३१ भाग उत्तर पूर्व के ईशान कून में, ३१ पूर्व दक्षिण अग्निकून में, ३१ भाग दक्षिण पश्चिम नैऋत्यकून में और चौथा ३१ भाग पश्चिम उत्तर वायव्यकूनमें. इन चार भागों से दक्षिण पूर्व को चौथा ३१ भाग में से २७ भाग लेकर अट्ठावीसवे भाग के बीस भाग करना. जिस में से १८ भाग लेकर १९वे भाग के तीन भाग करना इसके दो भाग लेकर दक्षिण पश्चिमके चौथे भागको नहीं पहूंचता हुवा चंद्र छत्र पर छत्र का योग करे. इस समय उपर चंद्र मध्य में नक्षत्र और निचे सूर्य रहे. अहो भगवन् ! इस समय चंद्र, किस नक्षत्र साथ योग करता है ? अहो गौतम ! उस समय चंद्र चित्रा नक्षत्र के चरम समय में होवे. यह चंद्र प्रज्ञप्ति सूत्र का बारहवा पाहुडा संपूर्ण हुवा. ॥ १२ ॥ (:) (:)

॥ त्रयोदश प्राभृतम् ॥

मूल — ता कहंते चंदमास वड्ढोवड्ढी मुहुत्ताणं आहितेति वदेज्जा? ता अट्ठ पंचासिते मुहुत्तसते तीसंच बावट्ठी भागे मुहुत्तस्स आहितेति वदेज्जा। ता दोसिणा पक्खउण अंधकार पक्खस्स आयमाणा चंदे, चत्तारि बेयाले स मुहुत्तसए छेत्तालीसंच बावट्ठी भागे मुहुत्तस्स जावति चंदे रज्जति तं पढमाए पढम भाग बितियाए बितियं भागं जाव पन्नरसमे.

अर्थ — अब तेरहवे पाहुडे में चंद्र की वृद्धि अपवृद्धि का कथन करते हैं. अहो भगवन्! चंद्र मासकी वृद्धि अपवृद्धि कैसे कही? अहो गौतम! चंद्र मास की ८८५ $\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त की वृद्धि अपवृद्धि कही. चंद्र तीथी २९ $\frac{३२}{६२}$ मुहूर्त की है इस को ३० तीथी से गुनने ८८५ $\frac{३०}{६२}$ मुहूर्त की है. इस के दो पक्ष कहे हैं—अंधकार पक्ष जिस में अंधकार की वृद्धि और शुक्ल पक्ष जिस में अंधकार की अपवृद्धि (हानि) अंधकार पक्ष आश्रित ४४२ $\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त पर्यंत चंद्र राहु से रक्त होवे क्यों कि पन्नरह तीथी का पक्ष होता है, एक तिथी २९ $\frac{३२}{६२}$ इस को मुहूर्त की है इस से १५ में गुनना, जिस से ४४२ $\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त होवे; इस को ३० मे भाग देने से १५ $\frac{?}{६२}$ दिन होवे. इत ने दिन में चंद्र का विमान राहु के विमान से रक्त होवे. प्रथम तीथी में चंद्र के विमान का प्रथम भाग राहु के विमान से रक्त होता है, दूसरी तीथी में दो भाग, तीसरी में तीन यावत् पन्नरहवी तीथी में पन्नरह भाग चंद्र का विमान राहु के विमान से रक्त होवे, और एक भाग विरक्त होवे.

पण्णरस भागे चरिम समए चंदे रत्ते भवति; अवसेस समए चंदे रत्तेय विरत्ते भवति अयणं अमावासं, एत्थणं पढमे पक्खे अमावासातो अंधकारे पक्खस्स ॥ १ ॥ ता दोसिणा पक्खं अयमाणे चंदा चत्तारि बयालीस मुहुत्तसए छयालीसंच बावट्ठी भागे मुहुत्तस्स जावति चंदे विरज्जति तंजहा-पढमाए पढमं भागं जाव पण्णरसमे पण्णरसमं भागं चरम समए चंदे विरत्ते भवति, अवसेस समए रत्तेय विरत्तेय भवति ॥ अयणं पुण्णमासिणी एत्थणं दोच्चे पुण्णमासिणं ॥२॥ तत्थखलु इमाओ बावट्ठी पुण्णमातो

चंद्र का विमान ६२ ये भाग है, इस में प्रत्येक तिथी में चार २ भाग का आवरण होवे, इस तरह पन्नरवी तिथि में ६० भाग का आवरण होवे और दो भाग अनावृत रहे. चंद्र विमान सूर्य विमान साथ चलता है इस से अमावास्या को चंद्र का विमान मनुष्य की दृष्टिगोचर में नहीं आता है; इस के चरम समय से चंद्र विरक्त होवे. यह कृष्ण पक्ष में वदी प्रतिपदा से अमावास्या पर्यंत होता है. इस तरह अमावास्या पर्यंत अंधकार पक्ष जानना ॥ १ ॥ अब दूसरा शुक्ल पक्ष आने से चंद्र ४४२$\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त तक विरक्त होवे; प्रथम तिथि का प्रथम भाग, दूसरी तिथि का दो भाग यावत् पन्नरवी तिथि को पन्नरहवा भाग राहु के विमान से विरक्त होवे, चरम समय में चंद्र संपूर्ण विरक्त होवे, फीर चंद्र विरक्त से रक्त होवे. यह शुदी १ से शुदी १५ तक होवे. इस तरह युग में दो पर्व- एक कृष्ण पक्ष की अमावास्या २ एक शुक्ल पक्ष की

सूत्र

वावट्ठी अमावासातो पुण्णमासिओ, वावट्ठी एए कसिणा रागा वावट्ठी एए कसिणा विरागा, एए चउव्वीसेपव्वसते कसिणे रागाविराग जाव तिताणं पंचण्हं संवच्छराणं समया एएणं चउव्वीसेणं सएणं ऊणगाते कत्तियाणं परित्ता असंखेज्जा सया भवइ देस रागविराग तिमक्खायं. ता अमावासातो पुण्णमासिणि चत्तालीसं बयालीस मुहुत्तसए छयालिस च वावट्ठी भाग मुहुत्तस्स आहितेति वदेज्जा ॥ ता अमावासातोण अमावासा अट्ठ पंचासिते मुहुत्तसए तीसचं वावट्ठी भागं मुहुत्तस्स आहितेति वदेज्जा ॥ ता पुण•

अर्थ

पूर्णिमा का होवे ॥ २ ॥ इस तरह एक युग में ६२ अमावास्या ६२ पूर्णिमा कही हैं. ६२ अमावास्याओं में एक २ के अंतर से राहु के विमान से चंद्र विरक्त होवे. और बासठ पूर्णिमा में एक २ के अंतर से. राहु के विमान से चंद्र विरक्त होवे. यों १२४ पर्व एक युग में होवे. इन १२४ पर्व में किसी स्थान रक्त व किसी स्थान विरक्त होवे यावत् इन पांच संवत्सर के जितने समय हैं उन में एक पक्ष के एक २ समय के हिसाब से १२४ समय होवे, आंख मींच कर खोलने में जो समय लगता है वह लीया है. और जिस समय का दो विभाग होवे ऐसे असंख्यात समय होवे. इन में से अर्ध चंद्र का विमान राहु विमान की साथ रक्त होवे और अर्ध राहु विमान से विरक्त होवे. ऐसा अनंत ज्ञानीने कहा है. सो अंगीकार करना. इस में संशय करना

मासिणितेणं अमावासं चत्तारि बयालीस मुहुत्तसते तंचेव, ता पुण्णमासितेणं पुण्णमासिणि अट्ठ पंचासिते मुहुत्तसते तीसंच बावट्ठी भागे मुहुत्तस्स आहितेति एमणं पवति; चंदमासे, एसेण पव्वते सगले जुगे ॥ ३ ॥ ता चंदेणं अद्धमासेणं चंदे कति मंडलाइं चरति ? ता चउदस चउभागा मंडलतिं चरति एग चउवीसं सत भागं मंडलस्स ॥ ता आइच्चेणं अद्धमासेणं चंदे कतिमंडलाइं चरइ ? ता सोलस मंडलाइं

नहीं. एक अमावास्या से पूर्णिमा तक ४४२ $\frac{46}{62}$ मुहूर्त होते हैं, और अमावास्या से अमावास्या पर्यंत ८८५ $\frac{30}{62}$ मुहूर्त होते हैं. पूर्णिमा से अमावास्या पर्यंत ४४२ $\frac{46}{62}$ मुहूर्त कहे हैं और पूर्णिमा से पूर्णिमा तक ८८५ $\frac{30}{62}$ मुहूर्त कहे हैं. यही पर्व में चंद्र मास कहा. और यही एक युग में १२४ पर्व कहे हैं ॥ ३ ॥ अहो भगवन् ! अर्ध चंद्र मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! अर्ध चंद्र मास में १४ मंडल और पन्नरहवा मंडल का चतुर्थ भाग पर एक मंडल के १२४ भाग करे वैसा एक भाग इतना चलता है, क्यों कि एक युग में चंद्र १७६८ मंडल चलता है. एक युग के अर्ध चंद्र मास १२४ हैं. इस से १७६८ को १२४ का भाग देने से १५ मंडल आये शेष ३२ भाग १२४ के रहे. इस में ३१ भाग के पाव मंडल और शेष १ रहा. अर्थात् १४ $\frac{22}{24}$ मंडल चलता है. अहो भगवन् ! अर्ध सूर्य मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! अर्ध सूर्य मास में चंद्र १६ मंडल

सूत्र

बावट्ठी अमावासातो पण्णत्ताओ, बावट्ठी एए कसिणा रागा बावट्ठी एए कसिणा विरागा, एए चउव्वीसेपव्वसते कसिणं रागविराग जाव तिताणं पंचण्हं संवच्छराणं समया एएणं चउव्वीसेणं सएणं ऊणगाते कत्तियाणं परित्ता असंखेज्जा सया भवइ देस रागविराग तिमक्खायं. ता अमावासातो पुण्णमासिणि चत्तालीसं बयालीस मुहुत्तसए छयालिस च बावट्ठी भाग मुहुत्तस्सस आहितेति वदेज्जा ॥ ता अमावासातोण अमावासा अट्ठ पंचासिते मुहुत्तसए तीसचं बावट्ठी भागं मुहुत्तस्स आहितेति वदेज्जा ॥ ता पुण॰

अर्थ

पूर्णिमा का होवे ॥ २ ॥ इस तरह एक युग में ६२ अमावास्या ६२ पूर्णिमा कही हैं. ६२ अमावास्याओं में एक २ के अंतर से राहु के विमान से चंद्र विरक्त होवे. और बासठ पूर्णिमा में एक २ के अंतर से राहु के विमान से चंद्र विरक्त होवे. यों १२४ पर्व एक युग में होवे. इन १२४ पर्व में किसी स्थान रक्त व किसी स्थान विरक्त होवे यावत् इन पांच संवत्सर के जितने समय हैं उन में एक पक्ष के एक २ समय के हिसाब से १२४ समय होवे, आंख मींच कर खोलने में जो समय लगता है वह लीया है. और जिस समय का दो विभाग होवे एसे असंख्यात समय होवे. इन में से अर्ध चंद्र का विमान राहु विमान की साथ रक्त होवे और अर्ध राहु विमान से विरक्त होवे. ऐसा अनंत ज्ञानीने कहा है. सो अंगीकार करना. इस में संशय करना

तं निक्खममाणे चेव अमावासाणं तेणं पविसमाणे चेव पुण्णमासिएणं, एताति खलु जाव तं चार चरति ॥ ५ ॥ ता पक्खत्ते अद्धमासेणं केवइ २ डलस्स चारं चरति ता पढमाय णागते चंदे दाहिणाते सतद्धमंडलाति जाति चंद दाहिणाए भागाते पविसमाणे चारं चरति॥ कतरानि खलु ताइं सतद्ध मंडलाइं जाइ चंद दाहिणाए भागाते पविसमाणे चारं चरति तजहा बितिए अद्ध मंडले चउत्थे. छट्ठ अट्ठमं दस बारसमे चोदसमे अद्ध मंडले॥ एताणि खलु ताणि सत्तद्धमंडलाणि जाति चंदे दाहिणाए भागाए पविसमाणे चारं चरति॥ ६॥

सोलह भाग ३१ वे हैं कि जो अमावास्या में चंद्र पूर्ण मास में मंडल के सोलह भाग में जाकर चाल चलता है. जिन के नाम आभ्यन्तर मंडल पर से निकलता हुआ (अमावास्या में) और बाह्य मंडल में प्रवेश करता हुआ पूर्णमास में इस तरह दो आठ भाग यावत् चाल चलता है ॥ ५ ॥ अहो भगवन्! नक्षत्र अर्ध मास में चंद्र कितने मंडल चाल चलता है? अहो गौतम! चंद्र की प्रथम अयन जाते दक्षिण से सात अर्ध मंडल जाकर दक्षिण मार्ग में प्रवेश करता हुआ चाल चलता है अर्थात् नैऋत्य कून में से नीकलकर ईशान कून में जाकर सात अर्ध मंडल स्पर्शता हुआ चाल चलता है. अहो भगवन्! वे सात अर्ध मंडल कौनसे २ हैं कि जो ईशान कून में जाकर स्पर्शता हुआ चाल चलता है? अहो गौतम! दूसरा अर्ध मंडल, चौथा, छठा, आठवा, दशवा, बारहवा और चौदहवा ये सात अर्ध मंडल ईशान कून में

सूत्र

चरंति ता णक्खत्तेणं अद्धमासेणं चंदे कति मंडलाइं चरंति ता तेरस मंडलाइं चरंति तेरस सत्तसट्ठी भाग मंडलस्स ॥ ४ ॥ तदा अवराति खलु दुवे अट्ठ भागाति जाति चंदे केणइ असामण्णगाति सयमेव पइट्ठिया चारं चरति ॥ कयरा खलु ताइं दुवे अट्ठभागाइं जाति चंदे केणाति जाव पविसित्ता चारं चरति ता इमाति दुवे अट्ठभागाउ जाति चंदे केणइ असामण्णगाइं चारं चरति.

अर्थ

चलता है. × अहो भगवन् ! नक्षत्र के अर्ध मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! $१३\frac{१३}{६७}$ मंडल चंद्र चलता है क्यों कि एक युग में चंद्र १७६८ मंडल चलता है और नक्षत्र के अर्ध-मास १३४ हैं इस में १७६८ को १३४ का भाग देने से इतने होते हैं ॥ ४ ॥ उस समय अन्य दो ८ भाग ३१ ये हैं कि जिस को असामान्यपना से स्वयंप्रवेश कर चंद्र चाल चलता है. अहो भगवन् ! वे दो ८ भाग ३१ ये कौनसे हैं जिस को प्रवेश कर चंद्र चाल चलता है ? अहो गौतम ! यहां दो आठ भाग अर्थात्

× यहां सोलह मंडल का पाठ प्रायः दृष्टिगोचर होता है, परंतु यह अशुद्ध मालुम होता है. क्यों कि एक युग में चंद्र १७६८ मंडल चलता है और एक युग में सूर्य अर्ध मास १२० हैं, इस से १७६८ को १२० का भाग देने से $१४\frac{८८}{१२०}$ मंडल होते हैं. और यह पाठ सूर्य मंडल पर भी नहीं होसकता है क्यों कि एक युग में सूर्य मंडल १८३० हैं और सूर्य अर्ध मास १२० हैं इस से १५ मंडल पूर्ण करके सोलहवे मंडल पर चाल चलता है. तत्व केवली गम्य.

एयावत पढमेचंदा अद्धमंडलस्स जातिचंदे उत्तराए भागाए पविसमाणे चारं चरति ॥ एयावत पढमेचंदा अद्धमासे णो चंदे अद्धमासे ता चंदेअद्धमासे णो यणे समत्तो भवति, ॥७॥ ता णक्खत्ते अद्धमासे णो चंदे अद्धमासे ता चंदेअद्धमासे णो णक्खत्ते अद्धमासे॥ताओ णक्खत्ताओ अद्धमासाओ चंदेणं अद्धमासेणं किमहियं चराति? एगं अद्धमंडलं चरति चत्तारि सत्तसट्ठी भागाइं अद्धमंडलस्स सत्तसट्ठी भागंच एगतीसाए छत्ताणंव भागातिं॥८॥ ता दोच्चायणगते चंदे पुरात्थिमाए भागाए निक्खममाणे चउप्पणे

ईशान कून के एकी के मंडल १५ मंडल है. इस में नैऋत्य कुन के एकी के मंडल से चंद्र निकले सो ईशान कून के एकी के मंडल स्पर्शे, और ईशान कून के बेकी के मंडल मे निकले सो नैऋत्य कून के बेकी के मंडल स्पर्शे ॥ ७ ॥ नक्षत्र अर्ध मास में चंद्र अर्ध मास होवे नहीं और चंद्र अर्ध मास में नक्षत्र अर्ध मास होवे नहीं क्यों कि अर्ध चंद्र मास में नक्षत्र अर्ध मास का समावेश होता है. इस मे नक्षत्र अर्ध मास से चंद्र अर्ध मास बडा है. नक्षत्र अर्ध मास से चंद्र अर्ध मास कितना अधिक है ? नक्षत्र अर्ध मास से चंद्र अर्ध मास एक अर्ध मंडल और दूसरे अर्ध मंडल के चार भाग ६७ ये, और ९ भाग चूर्णिये ३१ ये अधिक चले ॥ ८ ॥ यह प्रथम नक्षत्र अर्ध मास में पन्नरहवे मंडल से जानना. इस तरह दूसरी अयन में गया हुवा चंद्र पूर्व के भाग से निकलकर प्रथम अयन में चंद्र १३ भाग ६७ या चला, इस से ५४ भाग ६७ या शेष रहा. अर्थात् ईशान कून से चंद्र निकलकर ५४ भाग ६७ या जावे तब चंद्र अन्य चंद्र मंडल के क्षेत्र में चले.

तं पढमायण गतं चंदे उतरद्धे भागाए तेपविसमाणे छ अद्धमंडलातिं तेरससत्तसट्ठि भागाइ अद्ध मंडल जातिं चंदे उत्तराते भागाते पविसमाणे चारं चाति, कतिराति खलु ताइं छ अद्ध मंडलातिं तेरस सत्तसट्ठी जाव पाविसमाणे चारं चरति? इमाणि खलु ताइं छ अद्धमंडलाइ जाव चारं चरति तंजहा ततिए अद्ध मंडले पंचमे अद्ध मंडले, सत्तमे अद्धमंडले, एक्कारसमे अद्धमंडले, तेरसम, अद्धमंडले पण्णरसमस्स अद्धमंड-लस्स तेरससत्तसट्ठी भागाति एताणि खलु ताइं छ अद्ध मंडलातिं तेरस सत्तसट्ठी भागाति

जाते स्पर्शकर चाल चलते हैं ॥ ६ ॥ प्रथम अयन में जाते उत्तरार्ध भाग से प्रवेश करता हुवा अर्थात् ईशान कून से नैऋत्य कून में जाता हुवा चंद्र ६ अर्ध मंडल १३ भाग ६७ ये इतना मंडल चलता है. अहो भगवन्! वे छ अर्ध मंडल व १३ भाग ६७ ये कौनसे २ हैं? अहो गौतम! तीसरा, पांचवा, सातवा, नवमा, इग्यारहवा, तेरहवा ये छ और पन्नरहवे मंडल का ६७ या १३ भाग स्पर्शे. इस तरह उक्त छ अर्ध मंडल व ६७ ये भाग में प्रथम अयन चलता हुवा ईशान कून से नैऋत्य कून में प्रवेश करता हुवा चाल चलता है. यों यावत् प्रथम १३ नक्षत्र अर्ध मास में चंद्र अयन संपूर्ण होवे. जम्बूद्वीप में दो चंद्र के मंडल हैं जिन में से एक के दक्षिण में नैऋत्य कून में १५ मंडल हैं और दूसरे के ईशान कून में

अपणोचेवविणं चिण्हपाडे चरति ॥ १ ॥ अतराणि खलु ताई दुवे तेरस भागाति जाति चंदे केणति असामण्णाति सयमेव पविठ्ठिता चारं चरति कतराणि खलु, ताइं दुवे तेरस भागाति जाव च रं चरति? इमाणि खलु दुवे तेरस भागातिं जाव पविठ्ठिता चारं चरति तंजहा सव्वब्भंतरे चेव मंडले सव्व बाहिरे चेव मंडले एताणि खलु ताणि दुवे तेरस भागातिं जानिं चंदे केणइ असामण्णाति सयमेव पविठ्ठिता चारं चरति, एतावता दोच्चे. ॥ २ ॥ दूसरे नक्षत्र अर्ध मास के नैऋत्य कून में चक्र मंडल और ईशान कून में एकी मंडल जानना. अहो भगवन्! यह किम प्रकार दो तेरह अर्थात् २६ भाग ६७ ये चंद्र असामान्यपना से प्रवेश कर चलता है. अहो गौतम ! सब से आभ्यंतर मंडल व सब से बाह्य मंडल इस तरह दो तेरह भाग ६७ या स्वयमेव चंद्र प्रवेश कर असामान्य पना मे चलता है. क्योंकि एक युग में ६७ नक्षत्र मास है, और चंद्र मंडल १७६८ है इन को ६७ का भाग देने से २६ मंडल होवे शेष २६ भाग ६७ ये रहे इस से एक चंद्र की अपेक्षा से चउदहवे मंडल पर चंद्र अयन होवे शेष १२ मंडल अनंतर मंडल के २६ भाग ६७ वे जाकर नक्षत्र मास पूर्ण होवे नक्षत्र मास की आदि में चंद्र बाहिर के मंडल से प्रवेश करता हुवा तेरहवे मंडल मे नीकल कर चउदहवे मंडल के २६ भाग ६७ ये में नक्षत्र मास संपूर्ण होवे इस प्रकार दूसरा चंद्र अयन नक्षत्र मासकी अपेक्षासे

सत्तसट्ठी भागाति जाति चंदे पररसचिण्हंपडिचराति, तेरस सत्तसट्ठी भागाइं जातिचंदे अप्पणो चेवाचिण पडिचराति ता दोच्चायणगते चंदे पच्चात्थिमाते भागाते निक्खममाणे चउप्पणे जातिचंदे, पररसचिण्हंपडिचराति, तेरस भागाति जातिचंदे.

अर्थ—१३ भाग ६७ या प्रथम अयन में जाता हुवा और दूसरी अयन में ५४ भाग ६७ या चलता हुवा नैऋत्य कून के पन्नरहवे मंडल पर जावे सो पन्नरहवा मंडल अन्य चंद्र का जानना. १३ भाग ६७ या जाते चंद्र अपना मंडल क्षेत्र में चले अर्थात् नैऋत्य कून के पन्नरवे मंडल से नीकलता हुवा ईशान कून के चउदहवे मंडल पर जाते १३ भाग ६७ या स्वतः के मंडल को क्षेत्र पर चले इस से ईशान कून के चंद्र के ईशान कून से एकी मंडल और नैऋत्य कून में एक मंडल जानना. दूसरी अयन में गया हुवा चंद्र ५४ भाग ६७ या शेष रहने पर प्रथम अयन संपूर्ण हुए पीछे दूसरी अयन में रहा हुवा पश्चिम के भाग से (नैऋत्य कून से चंद्र नीकलता हुवा ५४ भाग ६७ या अन्य चंद्र मंडल के क्षेत्र में चलता है अर्थात् नैऋत्य कून में से चंद्र नीकल कर १३ भाग ६७ या प्रथम अयन में चला. और ५४ भाग ६७ या दूसरी अयन में चलता ईशान कून में पन्नरह वे मंडल पर पहूंचा. यह पन्नरहवा मंडल अन्य चंद्र का जानना. यहां १३ भाग ६७ या चंद्र अपना क्षेत्र में चले, अर्थात् ईशान कून में से नीकलता हुवा नैऋत्य कून के चउदहवे मंडल पर जाते १३ भाग ६७ या स्वतः के क्षेत्र में चले, इस से नैऋत्य कून के चंद्र

अप्पणोचेवचिणं चिण्हपाडि चरति ॥ ९ ॥ अवराणि खलुताई दुवे तेरस भागातिं जाति चंदे केणति असामण्णाति सयमेव पविट्ठिता चारं चरति कतराणि खलु, ताइंदुवे तेरस भागति जाव चारं चरति? इमाणि खलु दुवे तेरस भागातिं जाव पविट्ठिता चारं चरति तंजहा सव्वब्भंतरे चेव मंडले सव्व बाहिरे चेव मंडले एताणि खलु ताणि दुवे तेरस भागातिं जातिं चंदे केणइ असामण्णाति सयमेव पविट्ठिता चारं चरति, एतावता दोच्चे

॥ १ ॥ दूसरे नक्षत्र अर्ध मास के नैऋत्य कून में चक्र मंडल और ईशान कून में एक मंडल जानना. ॥ ९ ॥ दूसरे नक्षत्र अर्ध मास में दो तेरह अर्थात् २६ भाग ६७ ये चंद्र असामान्यपना से प्रवेश कर चलता है. अहो भगवन्! यह किस प्रकार दो तेरह भाग स्वयमेव प्रवेश कर चंद्र असामान्यपना से चलता है? अहो गौतम! सब से आभ्यंतर मंडल व सब से बाह्य मंडल इस तरह दो तेरह भाग ६७ या स्वयमेव चंद्र प्रवेश कर असामान्य पना से चलता है. क्योंकि एक युग में ६७ नक्षत्र मास है, और चंद्र मंडल १७६८ है इन के ६७ का भाग देने से २६ मंडल होवे शेष २६ भाग ६७ ये रहे इस से एक चंद्र की अपेक्षासे चउदहवे मंडल पर चंद्र अयन होवे शेष १२ मंडल अनंतर मंडल के २६ भाग ६७ वे जाकर नक्षत्र मास पूर्ण होवे नक्षत्र मास की आदि में चंद्र बाहिर के मंडल में प्रवेश करता हुवा तेरहवे मंडल में नीकल कर चउदहवे मंडल के २६ भाग ६७ वे में नक्षत्र मास संपूर्ण होवे इस प्रकार दूसरा चंद्र अयन नक्षत्र मासकी अपेक्षासे

चंद्रायणे समत्ते भवति ॥ १० ॥ ता णक्खत्तमासे णो चंदमासे, चंदमासे, णो णक्खत्तमासे ता णक्खत्तमासे चंदेणं मासेणं किं महियं चरति ? ता दो अद्धमंडलाइं चरति अट्ठय सत्तसट्ठिभागंच अद्ध मंडलस्स सत्तसट्ठि भागं च एकतीसहाछेत्ता अट्ठारस भागाइं॥ ११ ॥ता तच्चायणगते चंदे पच्चत्थिमाते भागाते पविसमाणे बाहिराणंतरस्स पच्चत्थिमिल्लस्स अद्ध मंडलस्स एकत्तलीसंच सत्तसट्ठीभागाति

संपूर्ण होवे ॥ १० ॥ यहां नक्षत्र मास मे चंद्र मास होवे नहीं और चंद्र मास में नक्षत्र मास नहीं होवे, क्यों कि चंद्र मास मे नक्षत्र मास छोटा है. यहां गौतम स्वामी प्रश्न करते हैं कि अहो भगवन् ! नक्षत्र मास से चंद्र मास कितना अधिक चलता है? अहो गौतम! नक्षत्र मास से चंद्र मास दो अर्ध मंडल ८ भाग ६७ या १८ चूर्णिये भाग २१ वे अधिक चलता है॥ ११ ॥नक्षत्र की तीसरी अयन में गया हुवा पश्चिम भाग अर्थात् नैऋत्यकून से नीकलकर ईशानकून में प्रवेश करता हुवा बाहिर के अनंतर पश्चिम के अर्ध मंडल का ४१ भाग ६७ या अपने व अन्य के क्षेत्र पर चलता है, १३ भाग ६७ या यह क्षेत्र चलता है. तेरह भाग ६७ ये जाते आप ना व अन्य का क्षेत्र चलता है. इस तरह बाहिर के पश्चिम भाग से प्रवेश करता हुवा अर्ध मंडल ४१ भाग ६७ ये में अर्ध मंडल संपूर्ण होवे. यहां जो क्षेत्र कहा उस का यह कारन है कि एक मंडल से दो की मंडल तक ४१ भाग ६७ या चलता है. जो मंडल का अपने नववे आंक में कहा हुवा है. इस से

जातिचंदे अप्पणोय परस्स चिण्णं पडिचरति तेरस सतसट्ठी भागाति परस्स चिण्णं पडिचरइ. जातिं चंदे अप्पणोय परस्साचिण्णं पाडिचरइ, एतावताबाहिरांणतरे तेरस सतसट्ठि भागातिं जातिं चंदे अप्पणोय परस्साचिण्णं पाडिचरइ, एतावताबाहिरांणतरे पचात्थिमिल्ले अद्धमंडले एकतालीस सत्तसट्ठी समत्ते भवति, ॥ १२ ॥ ता तचायणगते चंदे पुरत्थिमाते भागाते पविसमाणे बाहिरतस्स पुरात्थिमिल्लस्स अद्ध

अपने मंडलपर चलता है. परंतु यहां अपना व अन्य का दोनों का कहा इस का कारण यह है कि एक मंडल १,३४ भाग का है. इस में ६७ भाग में दो सूर्य व ६७ भाग में दो चंद्र इस तरह संपूर्ण मंडल के क्षेत्र का विभाग करना. इस से एक २ विभाग ३३॥ का आता है. परंतु ४१ भाग ६७ या चलकर ईशान कूनमें आवे इसमें से २४। भाग वायव्यकूनमें सूर्यका क्षेत्र स्पर्शे यह पर क्षेत्र और १६॥। क्षेत्र ईशान कून में चंद्र का स्पर्शे यह अपना क्षेत्र जानना. क्यों कि बेकी मंडल स्वतः का है. इस से १३ भाग परक्षेत्र और १६॥। भाग अपना क्षेत्र है. परंतु पाठ तेरह कहा है यह क्यों कहा होगा. सो कारी गम्य और जो १३ भाग अपना व पर का क्षेत्र कहा है उस में ३॥। भाग अपना क्षेत्र और ९। भाग अग्निकूनमें सूर्यका परक्षेत्र है वे ऐसा संभव है तत्त्व केवली गम्य ॥१२॥ उस नक्षत्रकी तीसरी अयण में गया हुवा पूर्व के अर्थात् ईशान कून में से नीकलकर नैऋत्य कून में प्रवेश करता हुवा बाहिर के अंतर में प्रवेश करता हुवा अर्ध मंडल के ४१ भाग ६७ ये जाते अपना व अन्य का क्षेत्र पर चलता है. १३

चरंति, एतावता बाहिर-चउद्दसे, पच्चत्थिमिल्ले अद्धमंडले समत्ते भवति ॥ १४॥ एवं खलु चंदेणं मासेणं चंदे परस्स चउप्पण्णाइं दुवे सत्तसट्ठी भागाइं चंदे अप्पणो चिण्णं पडिचरति, तेरस सत्तसट्ठी भागाइं जाति चंदे, अप्पणो चेव परस्सचिण्णं पडिचरइ बेतालीसं

से प्रवेश करते चउदहवे मंडलपर ३४ भाग ६७ या १८ चुर्णिये भाग ३१ या चले जवने में चंद्र मास संपूर्ण होवे. ॥ १४ ॥ यों एक चंद्र मास में चंद्रमा एक नक्षत्र व दो अर्ध मंडल और तीसरे अर्ध मंडल के ८ भाग ६७ ये १८ भाग ३१ ये इतना चलता है. यह कौन से २ क्षेत्र में संपूर्ण करे? यह नक्षत्र मास संपूर्ण होवे व चंद्र नीकलते चउदहवे अर्ध मंडल के २६ भाग ६७ या आकर नक्षत्र संपूर्ण करे. क्यों कि एक युग में नक्षत्र मास ६७ हैं और १७६८ अर्धमंडल चंद्र के हैं. १७६८ को ६७ से भाग देते २६ अर्ध मंडल आवे शेष २६ भाग ६७ ये है. एक नक्षत्र मास में २६ अर्धमंडल है, और २७ वे अर्ध मंडल में २६ भाग ६७ या चंद्र चलकर नक्षत्र मास संपूर्ण करे. इस से एक अयन के १४ अर्ध मंडल निकालो दूसरी अयन के १२ अर्ध मंडल २६ भाग ६७ या चले. परंतु पहिले १४ वे अर्ध मंडल पर २६ भाग ६७ या कहा है उस का क्या कारन? दूसरी अयन का दूसरे अर्ध मंडल से प्रारंभ होता है. इस से तेरवे अर्ध मंडल में एक मिलाने से १४ वा अर्ध मंडल के २६ भाग ६७ ये मे एक नक्षत्र मास संपूर्ण हुवा, तत्पश्चात् १४२ भाग ६७ ये १८ भाग ६१ या चलकर चंद्र मास पूर्ण होवे. १०८ भाग ६७ या परक्षत्र से व अपना क्षेत्र में चंद्र चाल चलता है क्योंकि ईशान-कून मे से नीकलता हुआ चंद्र १५ वे अर्ध मंडल पर २४१ भाग ६७ या अग्निकून में

भाग।तिं,अड्ढासत्तसट्ठिभागाइ सत्तसट्ठिभ गंच एकतीसह।छत्ता अट्ठारस भागाति जाति चंद अप्पणोय पररसचिण्णं पडिचरति,अवरातिं खलु दुवे तेरस भागातिं जाइ चंदे,केणातिं असामाणातिं सयमेव पविट्ठित्ता चारं चरति॥इच्चेसा चंदमासोयगमणनिवुट्ठि अणुव ट्ठिय

सूर्य का क्षेत्र चले और १६॥। भाग ६७ या अपना क्षेत्र चलकर चउदहवा अर्ध मंडल संपूर्ण करे तत्पश्चात्-पन्नरहवे अर्धमंडल पर चलते १६॥। भाग अपना क्षेत्र और ३३॥ भाग ६७ या वायव्य कून में सूर्य के क्षेत्र में चले, १६॥। भाग ६७ या ईशान कून में चंद्र के क्षेत्र प्रति चले और पन्नरहवा अर्ध मंडल ईशान कून मे संपूर्ण करे. वैसेही नैऋत्य कून मे नीकलता हुवा चंद्र चउदहवे अर्ध मंडल पर २४। भाग ६७ या वायव्य कून में सूर्य क्षेत्र चलकर व १६॥। भाग ६७ या ईशान कून में अपना क्षेत्र चलकर ईशान कूनमें चउदहवा अर्ध मंडल संपूर्ण करे, तत्पश्चात् पन्नरहवे अर्ध मंडल पर चलते १६॥। भाग ६७ या ईशान कून में अपना क्षेत्र चले और ३३॥ भाग ६७ या अग्निकून में पर क्षेत्र चले और १६॥। भाग पर क्षेत्र चलकर पन्नरहवा अर्ध मंडल संपूर्ण करे. १३ भाग ६७ या चंद्र अपना १४ वा अर्ध मंडल में प्रवेश कर पर क्षेत्र में चले. यों नैऋत्य कून से निकल कर चंद्र नैऋत्य कून में १३ भाग ६७ या पर क्षेत्र चले और ईशान कून में निकलकर ईशान कून में १३ भाग ६७ या पर क्षेत्र चले. बियालीस भाग का अर्ध एकवीस भाग ६७ या और १८ भाग ३१ या चलते चंद्र अपने १४ वे अर्ध मंडल पर जाते पर शेष पर चलकर चंद्र मास पूर्ण करे. ईशान कून से निकलता चंद्र ३॥। भाग ६७ या ईशान कून के

सूत्र

संठाणं साठिति ।विउव्वणगिड्डिपत्तेसुवि चंदेदेवे २ आहितेति वदेज्जा ॥ इति तेरसमं पाहुडं सम्मत्तं ॥ १३ ॥ * * * * * *

अर्थ

चंद्र का पर क्षेत्र चलकर १७। भाग ६७ या १८ भाग ३१ वे अग्नि कून में सूर्य का पर क्षेत्र चलकर चंद्र मास पूर्ण करे. और नैऋत्य कून से निकलता चंद्र ३।। भाग ६७ या नैऋत्य कून में चंद्र का पर क्षेत्र व १७। भाग ६७ या १८ भाग ६१ या वायव्य कून के सूर्य का पर क्षेत्र चलकर चंद्र मास पूर्ण करे. दूसरी वक्त २६ भाग ६७ ये आता हुवा चंद्र १४ वे मंडल इस प्रकार स्वयमेव प्रवेश कर चाल चलकर नक्षत्र मास संपूर्ण करे. इस प्रकार चंद्र मास में गमन की वृद्धि अनवस्थितपना से जानना. चंद्र के विमान व मंडल के संस्थान कैसे व चंद्र के देवता की स्थिति कैसी है ? चंद्र का देव विकुर्वणा ग्रहण करता हुवा प्रवर्तता है. यों तेरहवा पाहुडा संपूर्ण हुवा ॥ १३ ॥

॥ चतुर्दश प्राभृतम् ॥

ता कहंते दोसिणा पक्खाओ बाहु आहितेति वदेज्जा? ता दोसिणा पक्खेणं दोसिणा बहु आहितेति वदेज्जा ? ता कहंते दोसिणा पक्खे दोसिणा बहु आहितेति वदेज्जा ता अधकार पक्खाओ दोसिणा पक्खं दोसिणा बहु आहितेति वदेज्जा ॥ १ ॥ ता कहंते ता अंधकार पक्खाओ दोसिणा पक्खे दोसिणा बहु आहितेति वदेज्जा ॥ ता अंधकार पक्खाओण दोसिणा पक्खं अयमाणे चंदे चत्तारिबयाले मुहुत्त सएछेताल संच बावट्ठी भागे मुहुत्तस्स जाय चंदे विरज्जति तंपढमाए पढमं भागं जाव पण्णरसमं पण्णरसमं भागं॥

चउदहवा पाहुडा कहते हैं. अहो भगवन् ! दूसरा शुक्ल पक्ष कैसे कहा है ? अहो गौतम ! शुक्ल पक्ष त बहुत कहा है. अहो भगवन् ! दूसरे शुक्ल पक्ष में उद्योत बहुत किसे प्रकारकहा ? अहो गौतम . कृष्ण पक्ष पीछे शुक्ल पक्ष आनेसे अर्थात् कृष्ण पक्ष की अपेक्षा से उद्योत विशेष कहा ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! अंधकार पक्ष से उद्योत पक्ष के मुहूर्त कैसे कहे ? अर्थात् प्रतिदिन उद्योत की वृद्धि कैसे कही ? अहो गौतम ! अंधकार पक्ष से जब उद्योतपक्ष आता है तब चंद्र ४४२$\frac{46}{62}$ मुहूर्त पर्यंत राहु के विमान से विरक्त होवे. इस में पहिले दिन एक भाग यावत् पन्नरहवे दिन पन्नरह भाग राहु के विमान से विरक्त होकर वृद्धि होवे, इस तरह कृष्ण पक्ष से शुक्ल पक्ष के मुहूर्त कहे और इसी से प्रति

एवं खलु अधकार पक्खाओ दोसिणा पक्खे मुहुत्तेणं दोसिणा बहु आहितेति वदेज्जा ॥ २ ॥ ता केवतियाणं दोसिणा पक्खस्सपारित्ता दोसिणा आहितेति वदेज्जा? ता परित्ता असंखज्ज भागा ॥ ३ ॥ ता कहंते अंधकाराबहु आहितेति वदेज्जा? ता अंधकार पक्खे अंधकार बहु आहितेति वदेज्जा ? ता कह अंधकार पक्खे अंधकार बहु आहितेति वदेज्जा ? ता दोसिणा पक्खातोणं अंधकार पक्खं अंधकार बहु आहितेति वदेज्जा; ॥ ४ ॥ ता कहंते दोसिणा पक्खाओणं मुहुत्तेणं अंधकार अंधकारबहु आहितेति वदेज्जा? ता दोसिणा पक्खातोणं अंधकार पक्खं अयमाणे चंदे चत्तारि बयालीस मुहुत्त सए छयालीसंच बावट्ठी

दिन-उद्योत की वृद्धि कही ॥ २ ॥ अहो भगवन् ! शुक्ल पक्ष के कितने समय कहे हैं ? अहो गौतम ! शुक्ल पक्ष के असंख्यात समय कहे हैं. तथापि शुक्ल पक्ष के असंख्यात भाग कहे हैं ॥ ३ ॥ अहो भगवन् ! अंधकार बहुत कैसे कहा ? अहो गौतम ! अंधकार पक्ष में अंधकार बहुत कहा. अहो भगवन् ! अंधकार पक्ष में अंधकार बहुत कैसे कहा ? अहो गौतम ! उद्योत पक्ष के अंतर मे अंधकार पक्ष आता है. इस से अंधकार पक्ष में अंधकार बहुत कहा है ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! उद्योत पक्ष से अंधकार पक्ष का अंधकार कितने मुहूर्त का कहा ? अहो गौतम ! उद्योत पक्ष से अंधकार पक्ष ४४२ $\frac{४६}{६२}$ मुहूर्त का अंध-

भागा मुहुत्तस्स जाति चंदे रज्जति तं पढमाते पढम भागं जाव पण्णरसेसु पण्णरसमं भागं॥ एवं खलु दोसिणा पक्खातो अंधकार पक्खे अंधकार बहु आहितेति वदेज्जा ॥ ५ ॥ ता केवतियाणं अंधकार पक्खे परित्ता अंधकारे आहितेति वदेज्जा ? ता परित्ता असंखेज्जा ॥ इति चोद्दसमं पाहुडं सम्मत्तं ॥ १४ ॥ * * *

कार कहा है. अर्थात् इतने मुहूर्त पर्यंत चंद्र राहु के विमान से आवरण वाला होवे. प्रथम तिथि में प्रथम भाग यावत् पन्नरहवी तिथि में पन्नरहवा भाग ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! अंधकार पक्ष के कितने समय कहे हैं ? अहो गौतम ! अंधकार पक्ष के असंख्यात समय कहे हैं अर्थात् अंधकार पक्ष के असंख्यात भाग होते हैं. यह चउदहवा पाहुडा संपूर्ण हुवा ॥ १४ ॥ ० ०

॥ पञ्चदश प्राभृतम् ॥

ता कहंते सिग्घगइ वत्थु आहितेति वदेज्जा ? ता एएसिणं चंदिमसूरियगहगणणक्खत्ता ताराख्वाणं चंदाहिंतो सूरा सिग्घगाति सूरेहिंतो गहा सिग्घगाति, गाहेहिंतो णक्खत्ता सिग्घगाति, णक्खत्तेहिंतो तारा सिग्घगती ॥ सव्व-अप्पगतीणं चंदो, सव्व सिग्घगतीण तारा ॥ १ ॥ ता एगमेगेणं मुहुत्तेणं, चंदे केवइयाइं भाग सयाइं गच्छति ? ता जं

चउदहवे पाहुडे में अंधकार व उद्योत का कथन किया. अब पन्नरहवे पाहुडे में चंद्र आदि नक्षत्र की शीघ्रता व मंदता कहते हैं. अहो भगवन् ! जो पांच प्रकार के ज्योतिषी हैं, उन में से शीघ्रगति किस की है ? अहो गौतम ! चंद्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र व तारे इन पांच प्रकार के ज्योतिषियों में चंद्र से सूर्य की शीघ्रगति है, सूर्य से ग्रह की शीघ्रगति है, ग्रह से नक्षत्र की शीघ्रगति है, और नक्षत्र से ताराओं की शीघ्रगति है. सब से मंद गति चंद्र की व सब से शीघ्रगति ताराओं की है ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! एक २ मुहूर्त में चंद्र कितना भाग चलता है ? अहो गौतम ! चंद्र जिस २ मंडल पर चलता है उस २ मंडल का १०९८०० भाग करना जिस में के १७६८ भाग एक मुहूर्त में चलता है. एक युग में चंद्र कितना मंडल करे ? युग की १८३० अहोरात्रि हैं इस के मुहूर्त करने को ३० से गुना करने से

मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरति, ता तस्स मंडलस्स परिक्खेवस्स सत्तरस्स अट्ठसट्ठी भागसयाति गच्छाति मंडलं सतसहस्सेणं अट्ठाणउतिएय सए हि छेत्ता ॥२॥ ता एग-भागसयाति गच्छाति मंडलं सतसहस्सेणं अट्ठाणउतिएय सए हि छेत्ता ॥२॥ ता एग- मेगेणं मुहुत्तेणं सूरे केवतियाति भागसयाइं गच्छति? ता जं जं मंडलं उवसंकमित्ता चारं

५४९०० होवे. यह ५४९०० को १७६८ से गुनते ९७०६१२०० भाग होवे. इस भाग को १०९८०० से भाग देने से ८८४ मंडल होवे. इस से दो चंद्र मिलकर एक युग में ८८४ मंडल चले. इस के अर्ध मंडल १७६८ होते हैं. १८३० दिन में १७६८ अर्ध मंडल होवे तो दो अर्ध मंडल में कितने दिन होवे? १८३० को दुगना करने से ३६६० होवे इस को १७६८ का भाग देने दो आये शेष १२४ रहे इस के मुहूर्त करने को ३० से गुणना जिस से ३७२० होवे. इस को १७६८ का भाग देने से दो मुहूर्त आये शेष १८४ रहे इस के २२१ के भाग करने को २२१ से गुणना जिस से ४०६६४ हुए इस के १७६८ का भाग देने से २३ भाग २२१ ये हुवे. इस से दो अर्ध मंडल चलने में चंद्र को दो दिन दो मुहूर्त व २३ भाग २२१ ये लगे. ॥ २ ॥ अहो भगवन्! एक २ भाग में सूर्य कितने सो भाग चलता है? अहो गौतम! जिस २ मंडल पर सूर्य चलता है उस २ मंडल की परिधि को १०९८०० भाग कर उस में से १८३० भाग एक मुहूर्त में चलता है. इस तरह सूर्य एक युग में कितने मंडल करता है? एक युग में १८३० अहो रात्रि है इस के मुहूर्त करने को १८३० को ३० गुना करने से ५४९०० होवे इस के १८३० भाग से गुनने से १००४६७०००० भाग होवे. इस को मंडल के १०९८०० से भाग

सूत्र चरति ता तस्स मंडलस्स परिक्खेवस्स अट्ठारसतीसे भागे सते गच्छति मंडले सयसहस्सेणं अट्ठाणउति एयसएहिं छेत्ता ॥ ३ ॥ ता एगमेगेणं मुहुत्तेणं णक्खत्तेणं केवतियाति भागा सयाति गच्छंति. ता जंजंमंडलं उवसंकमित्ता चारं

अर्थ देने से ९१५ मंडल दो सूर्य एक युग में करते है. इस तरह अर्ध मंडल १८३० होवे, एक युग में १८३० अर्ध मंडल होवे, तो दो अर्ध मंडल कितने दिन में होवे? १८३० को दुगुन करने से ३६६० होवे इस को १८३० का भाग देने से दो दिन होवे शेष कुच्छ रहे नहीं, इस से दो दिन में दो अर्ध मंडल सूर्य चलता है ॥ ३ ॥ अहो भगवन्! एक २ मुहूर्त में नक्षत्र कितने सो भाग चलता है? अहो गौतम! नक्षत्र जिन २ मंडल पर चलते है उन २ मंडल के १०९८०० भाग में से १८३५ भाग एक मुहूर्त में चलते हैं. इस तरह चलने से एक युग में कितने मंडल चले? एक युग में १८३० अहोरात्रि है इस के मुहूर्त करने को ३० से गुनना जिस से ५४९०० होवे. इस मुहूर्त को १८३५ के भाग से गुनते १००७४१५०० भाग होवे. इस के मंडल करने के लिये १०९८०० से भाग देना जिस से ९१७॥ मंडल होवे शेष कुच्छ रहे नहीं. इतना हो नक्षत्र चले. इस के अर्ध मंडल करने को उक्त संख्या को दुगुना करना जिस में १८३५ अर्ध मंडल होवे. उक्त १८३५ अर्ध मंडल १८३० दिन में होवे अब दो अर्ध मंडल कितने दिन में चले सो कहते हैं. १८३० को दुगुने करने से ३६६० हुवे, इस को १८३५ का भाग देने से एक दिन व शेष

चरति तस्स मंड-लस्स परिक्खेवस्स अट्ठारस पणतीसं भागसते गच्छति मंडलं सतसह-स्सेणं अट्ठा जाव छेत्ता ॥ ४ ॥ ता जयाणं चंदे गति समावण्णगं, सूरे गति समावण्णगं भवइ सेणं गइ विसेसेति मायाए केवइया विसेसेति ? ता बावट्ठी भागे विसेसेइ । ता जयाणं चंदे गइ समावण्णा णक्खत्ते गइ

	एक मुहूर्त में कितने भाग चला	एक युग में कितने मंडल संपूर्ण करे	एक युग में अर्ध मंडल	एक संपूर्ण मंडल अथवा दो अर्ध मंडल में कितना समय होवे. दिन	मु०	मु. के भाग		
	१०२८००			दिन	मु०	मु. के भाग
चंद्र	१७६८	८८४	१७६८	२	२	$\frac{२३}{२२१}$
सूर्य	१८३०	९१५	१८३०	२	०	०
नक्षत्र	१८३५	९१७॥	१८३५	१	२९	$\frac{३०७}{३६७}$

१८३०. रहा इस के मुहूर्त करने को ३० से गुनने से ५४७५० होवे इस को १८३५ का भाग देने से २९ मुहूर्त व शेष १५३५ रहे, इन के ३६७ वे भाग करने को ३६७ से गुनने से ५६३३४५ होवे, इस को १८३५ का भाग देने से ३०७ भाग हुवे, शेष कुच्छ नहीं रहा. इस तरह दो अर्ध मंडल नक्षत्र एक दिन २९ मुहूर्त व ३०७ भाग ३६७या में पूर्ण करे. इसका उक्त यंत्र है.॥४॥ अहो भगवन्! अब चंद्र मुहूर्त के चरिमांत में

समावण्णे भवइ सेणं गइमायाए केवइयं विसेसेइ ता सत्तसट्ठी भागे विसेसेइ ता जयाणं सूरे गइ समावण्णे भवइ णक्खत्ते गइ समावण्णे भवइ सेणं गति समायाए केवइय विसेसेइ ? ता पंच भागा विसेसेइ ॥ ५ ॥ ता जयाणं चंदे गति समावण्णग अभिइ णक्खत्ते गइ समवाभग पुरत्थिमताए भागाए समासेति ता णव मुहुत्ते

गति संपूर्ण करे तब सूर्य भी मुहूर्त के परमांत में गति संपूर्ण करे. इन दोनों में सूर्य की गति में मर्यादा से क्या विशेषपना है. अर्थात् चंद्र से सूर्य एक मुहूर्त में कितना अधिक चलता है ? अहो गौतम ! मुहूर्त के चरम समय में चंद्र से सूर्य एक मंडल के १०९८०० भाग में से ६२ भाग भाग चले. इतना सूर्य का विषय अधिक कहा. अहो भगवन् ! चंद्र एक मुहूर्त में गति संपूर्ण करे, वैसे ही नक्षत्र एक मुहूर्त में गति संपूर्ण करे तो इस में चंद्र से नक्षत्र कितना भाग, भाग चले ? अहो गौतम ! [illegible]क मुहूर्त के चरम समय में चंद्र से नक्षत्र एक मंडल के १०९८०० भाग में के ६७ भाग अधिक [illegible]ग चले. इतना विषय नक्षत्र का जानना. अहो भगवन् ! जैसे सूर्य एक मुहूर्त में गति संपूर्ण करता है [वै]से ही नक्षत्र एक मुहूर्त में गति संपूर्ण करता है. इस तरह गति संपूर्ण करने में क्या विशेषता है ? अर्थात् कितना अधिक नक्षत्र चलता है. अहो गौतम ! एक मंडल के १०९८०० भाग में के पांच भाग सूर्य से नक्षत्र अधिक चले ॥ ५ ॥ चंद्र गति समापन्न होवे और अभिजित नक्षत्र भी गति समापन्न होवे तो पूर्व दिशा के भाग से योग ग्रहण कर, नव मुहूर्त २७ भाग.

सत्तावीसं च सत्तसट्ठी भागे मुहुत्तस्स, चंदेण सद्धिं, जोगं जोएति जेणं अणुपरि हति २ त्ता विप्पजहाति २ त्ता विगतजोगियावि भवइ जयाणं चंदे गति समावण्णे भवइ सवणे णक्खत्ते गइ समावण्णे भवइ पुरत्थिमाते तहेव जहा अभिइस्स णवरं तीस मुहुत्ते चंदेण सद्धिं जोगं जोएति जाव विगतजोगियावि भवति एवं एतेणं अभिलावेणं णेयव्वं पण्णरस मुहुत्ताइं तीसाति मुहुत्ताइं पणयालीसाति मुहुत्ताइं भाणियव्वाति जाव उत्तरासाढा विगतजोगियावि भवति ॥ ६ ॥ ता

६७ ये पर्यंत चंद्र साथ रहता है. इतना काल पर्यंत उस की साथ विचरे, तत्पश्चात् योग छोडकर विगत योगी होवे. जब चंद्र गति समापन्न होवे और श्रवण नक्षत्र गति समापन्न होवे तब अभिजित नक्षत्र जैसे पूर्व दिशा में मे चंद्र साथ तीस मुहूर्त पर्यंत योग करता है. इतना काल पर्यंत उस की साथ विचरे. तत्पश्चात् विगत योगी होवे. इस अभिलाप से सब जानना. इन में कितनेक पन्नरह मुहूर्त पर्यंत योग करते हैं, जिन के नाम—शतभिषा, भरणि, आर्द्रा, अश्लेषा, स्वाति और ज्येष्ठा. तीस मुहूर्त पर्यंत योग करनेवाले नक्षत्रों के नाम-श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवति, अश्विनी, कृत्तिका, मृगशर, पुष्य, मघा, पूर्वा-फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल और पूर्वाषाढा. पैंतालीस मुहूर्त पर्यंत योग करनेवाले नक्षत्र के नाम—१ उत्तराभाद्रपद २ रोहिणी ३ पुनर्वसु ४ उत्तराफाल्गुनी ५ विशाखा और ६ उत्तराषाढा. यों प्रथम अभिजित से उत्तराषाढा पर्यंत कहना यावत् विगत योगी हैं ॥ ६ ॥ जब सूर्य गति समापन्न होवे और जब

सूत्र

जयाणं सूरे गइ समावण्णे अभिइणक्खत्ते गतिसमावण्णे पुरत्थिमाए भागाए समासेति पुरे ता चत्तारि अहोरत्ते छच्च मुहुत्ते सूरेण सद्धिं जोगं जोतेति जाव विगत जोगियावि भवति ॥ ७ ता णक्खत्तेणं मासेणं चंदे कतिमंडलाति चरंति, ता तेरस

अर्थ

अभिजित नक्षत्र गति समापन्न होवे तव पूर्व दिशा के भाग मे सूर्य साथ योग करे इस तरह ४ अहोरात्रि और ६ मुहूर्त पर्यंत सूर्य साथ योग करे. इसी तरह छ नक्षत्र छ अहोरात्रि २१ मुहूर्त सूर्य साथ योग करते हैं, जिन के नाम—शतभिषा, भरणी, आर्द्रा, अश्लेषा, स्वाति और ज्येष्ठा. पन्नरह नक्षत्र तेरह अहोरात्रि बारह मुहूर्त सूर्य साथ योग करते हैं, जिन के नाम—श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवति, अश्विनी, कृत्तिका, मृगशर, पुष्य, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल और पूर्वाषाढा. और छ नक्षत्र २० अहोरात्रि तीन मुहूर्त तक योग करते हैं, जिन के नाम—उत्तराभाद्रपद, रोहिणी, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, विशाखा और उत्तराषाढा. उक्त सब नक्षत्र अपने २ समय योग्य सूर्य साथ विचर कर विगत योगी होते हैं ॥ ७ ॥ अहो भगवन् ! एक नक्षत्र मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! तेरह मंडल व एक मंडल के ६७ भाग में से १३ भाग एक नक्षत्र मास में चंद्र चलता है. एक युग में नक्षत्र मास ६७ हैं और चंद्र-मंडल ८८४ हैं. जितने मास निकालना होवे उतने मास से ८८४ को गुना करना और ६७ से भाग देना. जो आवे सो उतने मंडल जानना. यहां प्रथम मास का मंडल

मंडलाइ तेरस सत्तसट्ठी भागाति मंडलस्स चरंति॥८॥ता णक्खत्तेणं मासेणं सूरे कइ मंड लाइं चरति?ता तेरस मंडलाइं चउचत्तारि सत्तसट्ठि भागे मंडलस्स चरति ॥९॥ता णक्ख- त्तेणं मासेणं णक्खत्ते कति मंडलाइं चरंति? ता तेरस मंडलाति अद्धसुडतालीसंच सत्तसट्ठी

निकालने का है इस से ८८४ को एक से गुनने से ८८४ होवे इसे ६७ से भाग देने से १३ मंडल व १३ भाग आये. इस से एक नक्षत्र मास में चंद्र १३ मंडल व १३ भाग ६७ ये चलता है ॥ ८ ॥ अहो भगवन् ! एक नक्षत्र मास में सूर्य कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! एक नक्षत्र मास में सूर्य १३ मंडल व ४४ भाग ६७ ये चलता है, क्यों कि एक युग में नक्षत्र मास ६७ है और सूर्य ९१५ मंडल चलता है, इस से जितने मास का मंडल निकालना होवे उतने मास से ९१५ को गुना करके ६७ से भाग देना. जो आवे उतने मंडल सूर्य चलता है सो जानना. यहां प्रथम मास के मंडल निकालने के हैं इस से ९१५ को एक से गुनते ९१५ हुवे उसे ६७ से भाग देने से १३ मंडल और शेष ४४ रहे इस से एक नक्षत्र मास में सूर्य १३ मंडल व ४४ भाग ६७ या चलता है ॥ ९ ॥ अहो भगवन् ? एक नक्षत्र मास में नक्षत्र कितने मंडल चलते हैं ? अहो गौतम ! एक नक्षत्र मास में नक्षत्र १३ मंडल व ४६॥ भाग ६७ या चले. क्यों कि एक युग में नक्षत्र मास ६७ हैं और नक्षत्र ९१७॥ मंडल चलते हैं. इस से जितने मास का निकालना होवे उतने मास से ९१७॥ को गुना करके ६७ से भाग देना जो आवे उतने मंडल जानना. यहां प्रथम मास का निकालना है इस से ९१७॥ को एक से गुना करने से ९१७॥ होवे

सूत्र

भागे मंडलस्स चरांति ॥ १० ॥ ता चंदेणं मासेणं चंदे कति मंडलाति चरांति ? ता चउद्दस चउभागाति मंडलाति, एकं चउवीसते भागे मंडलस्स चरांति ॥ ता चंदेणं मासेणं सूरे कति पुच्छा ? ता पण्णरस चउभागूणाति मंडलाति एगं चउवीसं सते

अर्थ

इसे ६७ से भाग देने से १३ मंडल व ४६॥ भाग शेष रहा. इस से एक नक्षत्र मास में नक्षत्र १३ मंडल व ४६॥ भाग चलते हैं ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! एक चंद्र मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! १४ मंडल, पन्दरहवा मंडल का चौथा भाग और एक मंडल के १२४ भाग करे वैसे एक भाग. अर्थात् एक मंडल के ६२ भाग करे उन का चौथा भाग १५॥ होवे और एक भाग १२४ का है उस को ६२ या भाग करे तो आधा भाग ६२ या होवे यह पूर्वोक्त १५॥ भाग में मिलाने से १६ भाग ६२ ये होवे अर्थात् एक चंद्र मास में चंद्र १४ मंडल व १६ भाग ६२ या चलता है. क्यों की एक युग में चंद्र मास ६२ हैं और चंद्र मंडल ८८४ है इस से ८८४ को ६२ से भाग देने से इतने आते हैं. अहो भगवन् ! चंद्र मास में सूर्य कितने मंडल चलते है ? अहो गौतम ! पन्नरवे मंडल में चौथा भाग कमती एक भाग १२४ का अर्थात् १४ मंडल संपूर्ण और ४६॥ भाग ६२ या पन्नरवे मंडल का और एक भाग १२४ का जिस का आधा भाग ६२ या हुवा. यह पूर्वोक्त भाग में मिलाने से ४७ भाग ६२ या हुवा. इस से एक चंद्र मास में सूर्य १४ मंडल व ४७ भाग ६२ य चलता है. क्यों कि एक युग में चंद्र मास ६२ हैं और सूर्य ९१५ मंडल चलता है इस से ९१५ को ६२ से भाग देने से पूर्वोक्त संख्या आती है. अहो

नक्षत्र मास में चलने की मंडलसंख्या.

नक्षत्र	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल		नक्षत्र मंडल		नक्षत्र	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल		नक्षत्र मंडल	
मास	मंडल	भा ६७	मंडल	भा ६७	मंडल	भा ६७	मास	मंडल	भा. ६७	मंडल	भा. ६७	मंडल	भा. ६७
१	१३	१३	१३	४४	१३	४६॥	१४	१८४	४८	१९१	१३	१९१	४८
२	२६	२६	२७	२१	२७	२६	१५	१९७	६१	२०४	५७	२०५	२७॥
३	३९	३९	४०	६५	४१	५॥	१६	२११	७	२१८	३४	२१९	७
४	५२	५२	५४	४२	५४	५२	१७	२२४	२०	२३२	११	२३२	५३॥
५	६५	६५	६८	१९	६८	३१॥	१८	२३७	३३	२४५	५५	२४६	३३
६	७२	११	८१	६३	८२	११	१९	२५०	४६	२५९	३२	२६०	१२॥
७	९२	२४	९५	४०	९५	५७॥	२०	२६३	५९	२७३	९	२७३	५९
८	१०५	३७	१०९	१७	१०९	३७	२१	२७७	५	२८६	५३	२८७	३८॥
९	११८	५०	१२२	६१	१२३	१६॥	२२	२९०	१८	३००	३०	३०१	१८
१०	१३१	६३	१३६	३८	१३६	६३	२३	३०३	३१	३१४	७	३१४	६४॥
११	१४५	९	१५०	१५	१५०	४२॥	२४	३१६	४४	३२७	५१	३२८	४४
१२	१५८	२१	१६३	५९	१६४	२२	२५	३२९	५७	३४१	२८	३४२	२३॥
१३	१७१	३५	१७७	३६	१७८	१॥	२६	३४३	३	३५५	५	३५६	३

२७	३५६	१६	३६८	४२	३६२	४२॥	४५	५९३	४२	६१४	३७	६१६	१५॥
२८	३६२	२०	३८२	२६	३८३	२२	४६	६०६	६२	६२८	१४	६२२	६२
२९	३८२	४२	३९६	३	३९७	८॥	४७	६२०	८	६४१	५८	६४३	४१॥
३०	३९५	५०	४०२	४७	४१०	५५	४८	६३३	२१	६५८	३५	६५७	२१
३१	४०९	१	४२३	२४	४२४	३४॥	४९	६४६	३४	६६९	१२	६७१	०॥
३२	४२२	१४	४३७	१	४३८	१४	५०	६५९	४७	६८२	५६	६८४	४७
३३	४३५	२७	४५०	४५	४५१	६०॥	५१	६७२	६०	६९६	३३	९८	२६॥
३४	४४८	४०	४६४	२२	४६५	४०	५२	६८६	६	७१०	१०	१२	६
३५	४६१	५३	४७७	६६	४७२	१२॥	५३	६९९	१९	७२३	५४	७२५	५२॥
३६	४७८	६८	४९१	४३	४९२	६६	५४	७१२	३२	७३७	३१	७३९	३२
३७	४८८	१२	५०५	२०	५०६	४५॥	५५	७२५	४५	७५१	८	७५३	११॥
३८	५०१	२५	५१८	६४	५२०	२५	५६	७३८	५८	७६४	५२	७६६	५८
३९	५१४	३८	५३२	४१	५३४	४॥	५७	७५२	४	७७८	२९	७८०	३७॥
४०	५२७	५१	५४६	१८	५४७	५१	५८	७६५	१७	७९२	६	७९४	१७
४१	५४०	६४	५५९	६२	५६१	३०॥	५९	७७८	३०	८०५	५०	८०७	६३॥
४२	५५४	१०	५७३	३९	५७५	१०	६०	७९१	४३	८१९	२७	८२१	४३
४३	५६७	२३	५८७	१६	५८८	५६॥	६१	८०४	५६	८३३	४	८३५	२२॥
४४	५८०	३६	६००	६०	६०२	३६	६२	८१८	५	८४	४८	८४२	२

६३	८६१	१५	८६०	२५	८६२	४८॥	६६	८७१	५४	९०१	२३	९०३	५४
६४	८६५	२८	८७४	२	८७६	२८	६७	८८४	०	९१५	०	९१७	३३॥
६५	८६७	४१	८८७	४६	८९०	७॥							

भागे मंडलस्स चरंति ता चंदेणं मासेणं णक्खत्ते कइमंडलाइ चरंति ? ता पण्णरस चउभागूणाइ मंडलाइ छ चउवीसं सते भागे मंडलस्स चरंति ॥ ११ ॥ ता उउणा मासेणं चंदे कति मंडलाति चरंति ? ता चउदस मंडलाति तीसंच एग

भगवन् ! चंद्र मास में नक्षत्र कितने मंडल चलते हैं ? अहो गौतम ! पन्नरहवे मंडल में चतुर्थ भाग कम अर्थात् १४ मंडल व ४६॥ भाग ६२ या और ६ भाग १२४ ये जिस के तीन भाग ६२ ये होवे इस से एक चंद्र मास में नक्षत्र १४ मंडल ४९॥ भाग ६२ ये चलते है. एक युग में चंद्र मास ६२ हैं और नक्षत्र ९१७॥ मंडल चलते है. इस से इस को ६२ का भाग देने से पूर्वोक्त संख्या आती है ॥११॥ अब ऋतु मास का कथन करते हैं. अहो भगवन् ! ऋतु मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! १४ मंडल व ३० भाग ६१ या चलते हैं. क्यों कि एक युग में ऋतु मास ६१ हैं और चंद्र मंडल ८८४ हैं इस से ८८४ को ६१ से भाग देने से १४ मंडल व ३० भाग ६१ ये होवे. अहो

चंद्र मास में चलने की मंडले संख्या.

चंद्र मास	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल		नक्षत्र मंडल		चंद्र मास	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल		नक्षत्र मंडल	
	मंडल	भा.६२	मंडल	भा.६२	मंडल	भा.६२		मंडल	भाग६२	मंडल	भा.६२	मंडल	भा.६२
१	१४	१६	१४	४७	१४	४२॥	१४	२२१	३८	२०६	३८	२०७	११
२	२८	३२	२९	३२	२९	३७	१५	२१३	५४	२२१	२३	२२१	६०॥
३	४२	४८	४४	१७	४४	२४॥	१६	२२८	८	२३६	८	२३६	४८
४	५७	२	५९	२	५९	१२	१७	२४२	२४	२५०	५५	२५१	३५॥
५	७१	१८	७३	४१	७३	६१॥	१८	२५६	४०	२६५	४०	२६६	२३
६	८५	३४	८८	३४	८८	४९	१९	२७०	५६	२८०	२५	२८१	१०॥
७	९९	५०	१०३	१९	१०३	३६॥	२०	२८५	१०	२९५	१०	२९५	६०
८	११४	४	११८	४	११८	२४	२१	२९९	२६	३०९	५१	३१०	४७॥
९	१२८	२०	१३२	५१	१३३	११॥	२२	३१३	४२	३२४	४२	३२५	३५
१०	१४२	३६	१४७	३६	१४७	६१	२३	३२७	५८	३३९	२७	३४०	२२॥
११	१५६	५२	१६२	२१	१६२	४८॥	२४	३४२	१२	३५४	१२	३५५	१०
१२	१७१	६	१७७	६	१७७	३६	२५	३५६	२८	३६८	५९	३६९	५९॥
१३	१८५	२२	१९१	५३	१९२	२३॥	२६	३७०	४४	३८३	४४	३८४	४७

२७	३८४	६१	३९८	२२	३९९	३४॥	४५	६४१	३८	६६४	८	६६५	५७॥
२८	३९९	१४	४१३	१४	४१४	२२	४६	६५५	५४	६७८	५४	६८०	४५
२९	४१३	३०	४२७	६१	४२९	९॥	४७	६७०	८	६९३	३९	६९५	३२॥
३०	४२७	४६	४४२	४६	४४३	५९	४८	६८४	२४	७०८	२४	७१०	२०
३१	४४२	०	४५७	३१	४५८	४६॥	४९	६९८	४०	७२३	९	७२५	७॥
३२	४५६	१६	४७२	१६	४७३	३४	५०	७१२	५६	७३७	५६	७३९	५७
३३	४७०	३२	४८७	१	४८८	२१॥	५१	७२७	१०	७५२	४१	७५४	४४॥
३४	४८४	४८	५०१	४८	५०३	९	५२	७४१	२६	७६७	२६	७६९	३२
३५	४९९	२	५१६	३३	५१७	५८॥	५३	७५५	४२	७८२	११	७८४	१९॥
३६	५१३	१८	५३१	१८	५३२	४६	५४	७६९	५८	७९६	५८	७९९	७
३७	५२७	३४	५४६	३	५४७	३३॥	५५	७८४	१२	८११	४३	८१३	५६॥
३८	५४१	५०	५६०	५०	५६२	२१	५६	७९८	२८	८२६	२८	८२८	४४
३९	५५६	४	५७५	३५	५७७	८॥	५७	८१२	४४	८४१	१३	८४३	३२॥
४०	५७०	२०	५९०	२०	५९१	५८	५८	८२६	६०	७५५	६०	८५८	१९
४१	५८४	३६	६०५	५	६०६	४५॥	५९	८४१	१४	८७०	४५	८७३	६॥
४२	५९८	५२	६१९	५२	६२१	३३	६०	८५५	३०	८८५	३०	८८७	५६
४३	६१३	६	६३४	३७	६३६	२०॥	६१	८६९	४६	९००	१५	९०२	४३॥
४४	६२७	२२	६४९	२२	६५१	८	६२	८८४	०	९१५	०	९१७	३१

सूत्र

दुभागे मंडलस्स. चरंति उउणा मासेणं सूरे कति पुच्छा ता पण्णरस मंडलाति चरंति ॥ ता उउणा मासेणं णक्खत्ते पुच्छा ? ता पण्णरस मंडलाति चरति पंचम बावीसे सत भागे मंडलस्स ॥ १२ ॥ ता आइच्चेणं मासेणं चंदे कति मंडलाति चरंति, ता चउद्दस मंडलाति चरंति एक्कारसयं पण्णरस भागे मंडलस्स आइच्चेणं मासेणं सूरे कति

अर्थ

भगवन् ! ऋतु मास में सूर्य कितने मंडल चलता है ! अहो गौतम ! एक ऋतु मास में सूर्य १५ मंडल चलता है एक युग में ऋतु मास ६१ है और सूर्य ९१५ मंडल चलता है. इस से ९१५ को ६१ से भाग देने से १५ मंडल आते हैं. अहो भगवन् ! एक ऋतु मास में नक्षत्र कितने मंडल चलते हैं ? अहो गौतम ! एक ऋतु मास में नक्षत्र १५ मंडल व पांच भाग १२२ या चलते हैं. क्यों कि एक युग में ऋतु मास ६१ हैं और नक्षत्र ९१७॥ मंडल चलते हैं. इस ९१७॥ के ६१ से भाग देने से पूर्वोक्त संख्या होवे ॥ १२ ॥ अहो भगवन् ! आदित्य मास में चंद्र कितने मंडल चलता हैं ? अहो गौतम ! एक आदित्य मास में चंद्र १४ मंडल व ११ भाग १५ के चलता है, क्यों कि एक युग में आदित्य मास ६० हैं और चंद्र मंडल ८८४ हैं. इस से ८८४ को ६० का भाग देने से १४ होवे शेष ४४ रहे. इस का छेद करने को चार से भाग देने से ११ रहा और ६० का छेद १५ हुवा, इस से एक आदित्य मास में चंद्र १४ $\frac{11}{15}$ मंडल चलता है. अहो भगवन् ! एक आदित्य मास में सूर्य कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! एक आदित्य मास में सूर्य पन्नरह मंडल व एक मंडल का चौथा भाग अर्थात् १५॥ मंडल चलता है. एक युग

ऋतु मास में चलने के मंडल.

ऋतु मास	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल	नक्षत्र मंडल		ऋतु मास	चंद्र मंडल		सूर्य मंड	नक्षत्र मंडल	
	मंडल	भा.६१	मंडल	मंडल	भाग १२२		मंडल	भा.६१	मंडल	मंडल	भाग १२२
१	१४	३०	१५	१५	५	१४	२०२	५४	२१०	२१०	७०
२	२८	६०	३०	३०	१०	१५	२१७	२३	२२५	२२५	७५
३	४३	२९	४५	४५	१५	१६	२३३	५३	२४०	२४०	८०
४	५७	५९	६०	६०	२०	१७	२४६	२२	२५५	२५५	८५
५	७२	२८	७५	७५	२५	१८	२६०	५२	२७०	२७०	९०
६	८६	५८	९०	९०	३०	१९	२७५	२१	२८५	२८५	९५
७	१०१	२७	१०५	१०५	३५	२०	२८९	५१	३००	३००	१००
८	११५	५७	१२०	१२०	४०	२१	३०४	२०	३१५	३१५	१०५
९	१३०	२६	१३५	१३५	४५	२२	३१८	५०	३३०	३३०	११०
१०	१४४	५६	१५०	१५०	५०	२३	३३३	१९	३४५	३४५	११५
११	१५९	२५	१६५	१६५	५५	२४	३४७	४९	३६०	३६०	१२०
१२	१७३	५५	१८०	१८०	६०	२५	३६२	१८	३७५	३७५	३
१३	१८८	२४	१९५	१९५	६५	२६	३७६	४८	३९०	३९०	८

पुच्छा ? ता पण्णरस चउभागाति मंडलाति चरति ॥ ता आइच्चेणं मासेणं णक्खत्तेण पुच्छा ? ता पण्णरस चउभागाति मंडलाति पंचायत्तीस सतेभागे मंडलस्स चरंति ॥ १३ ॥ ता अभिवड्डिएणं मासेणं चंदे कति मंडलाति चरंति ? ता पण्णरस मंडलातिं

में आदित्य मास ६० हैं और सूर्य मंडल ९१५ हैं इस से ९१५ को ६० का भाग देने से १५। रहे. अहो भगवन् ! एक आदित्य मास में नक्षत्र कितने मंडल चलते हैं ? अहो गौतम ! एक आदित्य मास में नक्षत्र १५। मंडल पांच भाग १२० या चले अर्थात् १५। मंडल १ भाग २४ या चले. क्योंकि एक युग में आदित्य मास ६० है और नक्षत्र ९१७॥ मंडल चलता है. इस को ६० से भाग देने से १५ मंडल संपूर्ण आये ऊपर १७॥ रहा उस के २४ या भाग करने को २४ से गुनने से ४२० हुवे. उसे ६० का भाग देने से ७ आये. इस से एक आदित्य मास में नक्षत्र १५ मंडल और ७ भाग २४ या चलता हैं ॥ १३ ॥ अहो भगवन् ! अभिवर्धन मास में चंद्र कितने मंडल चलता है ? अहो गौतम ! पन्नरह मंडल व एक मंडल के १८६ भाग करे वैसे ८३ भाग चंद्र एक अभिवर्धन मास में चलता है. एक युग में अभिवर्धन मास ५७$\frac{3}{13}$ हैं और चंद्र एक युग में ८८४ मंडल चलता है. यहां मास के तेरीये भाग करने को ५७ को १३ से गुना करके तीन मिलाना. ५७×१३=७४१+३=७४४ होवे. यह एक अभिवर्धन युग के जानना. इस को जितने मास के मंडल निकालना होवे उतने को १३ से गुनना और जो आवे उने ८८४ से गुनकर ७४४ से भाग देना, जो आवे सो मंडल जानना. यहां प्रथम मास [illegible]

आदित्य मास में चलने की मंडल संख्या

आ०	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल		नक्षत्र मंडल		आ०	चंद्र मंडल		सूर्य मंडल		नक्षत्र मंडल	
मास	मंडल	भा १५	मंडल	भा ४	मंडल	भा. २४	मास	मंडल	भा. १५	मंडल	भा. ४	मंडल	भा. २४
१	१४	११	१५	१	१५	७	१४	२०६	४	२१३	२	२१४	२
२	२९	७	३०	२	३०	१४	१५	२२१	०	२२८	३	२२९	९
३	४४	३	४५	३	४५	२१	१६	२३५	११	२४४	०	२४४	१६
४	५८	१४	६१	०	६१	४	१७	२५०	७	२५९	१	२५९	२३
५	७३	१०	७६	१	७६	११	१८	२६५	३	२७४	२	२७५	६
६	८८	६	९१	२	९१	१८	१९	२७९	१४	२८९	३	२९०	१३
७	१०३	२	१०६	३	१०७	१	२०	२९४	१०	३०५	०	३०५	२०
८	११७	१३	१२२	०	१२२	८	२१	३०९	६	३२०	१	३२१	३
९	१३२	९	१३७	१	१३७	१५	२२	३२४	२	३३५	२	३३६	१०
१०	१४७	५	१५२	२	१५२	२२	२३	३३८	१३	३५०	३	३५१	१७
११	१६२	१	१६७	३	१६८	५	२४	३५३	९	३६६	०	३६७	०
१२	१७६	१२	१८३	०	१८३	१२	२५	३६८	५	३८१	१	३८२	७
१३	१९१	८	१९८	१	१९८	१९	२६	३८३	१	३९६	२	३९७	१४

२७	३९७	१२	४११	३	४१२	२१	४५	६६३	०	६८६	१	६८८	३
२८	४१२	८	४२७	०	४२८	४	४६	६७८	११	७०१	[illegible]	७०३	१०
